Love All Serve All

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह
# MAHAVIR PRAVAH

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Live And Let Live

Publication Date: 28th Per Month • Year 12th, May 2025, Issue 06 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 46 • Rate: 5/-




## स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा का शुभारम्भ




## जयपुर संभागीय अधिवेशन सम्पन्न




रक्तदान शिविर का आयोजन म.इ. सूरतगढ़ केंद्र




बेबी किट वितरण कार्यक्रम म.इ. सनराइज केंद्र झुंझुनू

# GLIMPSES OF ACTIVITIES




"सुकून की छांव" कार्यक्रम म.इ. डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र



परिंडे वितरण कार्यक्रम म.इ. डायमंड ब्यावर केंद्र




जीव दया कार्यक्रम म.इ. चेन्नई मेट्रो केंद्र



भोजन वितरण कार्यक्रम म.इ. अम्बाला सिटी केंद्र

**International President**
**Vir CA Anil Jain (MiGF)**
president@mahavirinternational.org

**International Secretary General**
**Vir Ashok Kumar Goyal (MiGF)**
sg@mahavirinternational.org

**Editor**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Flat No.-963, Sector-9,
Malviya Nagar, Jaipur -302017
Mob.: +91 6376968501
dir.wc@mahavirinternational.org

**Advisor :**
**Vir Devi Chand Shrishrimal**
Mob.: +91 9893653441
advt@samvetshikhar.com

**Co-Editor :**
**Vir Sandeep Dangi (MiF)**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Sunil Gang (MiF)**
Mob.: +91 9414165165
sunilgang56@rediffmail.com

**Deputy Editor :**
**Vir CA Ayush Jain**
Mob. : +91 9930179585
mahaveerinternational2122@gmail.com

**Vira Sarika Agarwal**
Mob.: +91 9414388872
sarikaji1978@gmail.com

**Vir Hastimal Banthia**
Mob.: +91 9879560524
hastimallbanthia@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
   IFS Code : SBIN0031033
   STATE BANK OF INDIA
   Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
   ICICI Bank
   Branch : Janta Colony, Jaipur
   IFS Code : ICIC0006757

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_international_apex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

अध्यक्षीय संदेश – ........ 04
महावीर इंटरनेशनल जयपुर जोन अधिवेशन सम्पन्न ........ 05
महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ परिसर में वीर सेवा स्तंभ का लोकार्पण एवं वेबसाइट का शुभारंभ ........ 07
महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जोन अधिवेशन सम्पन्न ........ 09
प्रथम स्थापना दिवस, महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र भव्य सम्मान समारोह का आयोजन ..... 11
गवर्निंग कौंसिल की बैठक सम्पन्न ........ 13
महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती रथयात्रा धूमधाम से रीजन-4 में सम्पन्न ........ 15

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग ........ 19
नार्थ-2 संभाग ........ 21

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ........ 21
सीकर-झुंझुनू संभाग ........ 22

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ........ 24
भीलवाड़ा संभाग ........ 26
बिजयनगर-ब्यावर संभाग ........ 27
चित्तौड़गढ़ संभाग ........ 29

**रीजन-4**
डूँगरपुर-बासंवाड़ा संभाग ........ 31
राजसमंद संभाग ........ 34
उदयपुर संभाग ........ 35

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ........ 36
जोधपुर संभाग, नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग ........ 37

**रीजन-6**
बाड़मेर-बालोतरा संभाग ........ 38
जालोर-सिरोही संभाग ........ 39

**रीजन-7**
इंदौर-उज्जैन संभाग ........ 40

**रीजन-8**
सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग, गुजरात संभाग ........ 40
मुंबई संभाग ........ 41

**रीजन-9**
छत्तीसगढ़ संभाग, महाकौशल संभाग ........ 42

**रीजन-10**
तमिलनाडु-केरला संभाग ........ 43
तेलंगाना संभाग ........ 44



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अशोक गोयल**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**सम्माननीय वीर बन्धुओं एवं वीरा बहनों, जय महावीर।**

आशा हैं आप सभी सेवा क्षेत्र में अग्रणीय रहते हुए स्वस्थ एवं प्रसन्नचित्त होंगे।

यदि आपने अपने से दीन-हीन, असहाय, अभावग्रस्त, आश्रित, वृद्ध, विकलांग, जरूरतमंद व्यक्ति पर दया दिखाते हुए उसकी सेवा और सहायता नहीं की, तो समाज भला कैसे उन्नति करेगा? सच तो यह हैं कि सेवा ही असल में मानव जीवन का सौंदर्य और श्रृगांर हैं। परोपकार एक ऐसी भावना हैं, जिससे दूसरों का तो भला होता हैं, खुद को भी आत्म-संतोष मिलता हैं। प्रकृति भी मनुष्य को कदम-कदम पर परोपकार की यही शिक्षा देती हैं। प्रकृति बिना किसी अपेक्षा के अपने कार्य में लगी हैं और इससे संसार चक्र चल रहा हैं। वास्तव में धरती पर जन्म लेना उसी का सार्थक हैं, जो प्रकृति की भाँति दूसरों की भलाई करने में प्रसन्नता का अनुभव करें। महावीर इंटरनेशनल 'सबको प्यार-सबकी सेवा', 'जिओ और जीने दो' इन्ही भावना के साथ प्राणी मात्र की सेवा में अग्रसर हैं।

महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर 4 मई को आयोजित समारोह में हमें शामिल होने का अवसर मिला। केंद्र की गतिविधियों एवं कार्य पद्धति सराहनीय हैं। केंद्र पदाधिकारियों एवं सदस्यों का प्रथम स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत अभिनन्दन एवं आभार। आशा हैं यूथ श्रीनाथजी केंद्र नए-नए सेवा के आयामों के साथ अग्रसर होता रहेगा।

गोल्डन जुबली सेवा यात्रा रथ के मुख्य संयोजक वीर गौतम राठौड़ की देख-रेख में 4 मई को इस सेवा यात्रा रथ का शुभारम्भ करने का अवसर मिला। संस्था के 50 वर्षों की सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का आयोजन किया जा रहा हैं। इस पहल को सुव्यवस्थित एवं सुचारु जिम्मेदारी लेने के लिए वीर गौतम राठौड़ का अभिनन्दन एवं आभार।

रीजन-2 के अंतर्गत जयपुर जोन का संभागीय अधिवेशन का आयोजन 26 अप्रैल को पार्क प्राइम होटल, जयपुर में भव्यता और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपेक्स के अन्य पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित होने का अवसर मिला। इस अधिवेशन में नेतृत्व, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा की अनूठी झलक देखने को मिली। जोन के सभी पदाधिकारियों को इसकी सफलता के लिए बहुत-बहुत अभिनन्दन के साथ आभार।

रीजन-3 के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जोन अधिवेशन भीमगढ़ में महावीर इंटरनेशनल भीमगढ़ केंद्र के आतिथ्य में 27 अप्रैल को आयोजित हुआ। अधिवेशन में वीर-वीराओं की ऊर्जा, उत्साह व उमंग से मन प्रफुल्लित हुआ। केंद्रों द्वारा की जा रही सेवाओं के बारे में जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। जोन के सभी पदाधिकारियों को इसकी सफलता के लिए बहुत-बहुत अभिनन्दन के साथ आभार।

यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही हैं कि चित्तौड़गढ़ स्थित महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय परिसर में केंद्र द्वारा वीर सेवा स्तंभ का लोकार्पण एवं चिकित्सालय की वेबसाइट का 27 अप्रैल को विधिवत शुभारंभ करने का अवसर मिला। वास्तव में चित्तौड़गढ़ केंद्र के पदाधिकारियों की यह दूरदृष्टि सोच हैं। इनकी इस पहल का स्वागत करते हैं।

गवर्निंग कौंसिल की बैठक दिनांक 11 मई, 2025 (रविवार) को माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न हुई। जिसमें देशभर से 90 गवर्निंग कौंसिल सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़ें। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें मुख्यत: रीजन के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी, आगामी वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल, 2026 से सदस्यता शुल्क में वृद्धि, सत्र 2025-27 के चुनाव कराने की तिथि तय करते हुए 31 अगस्त, 2025 रविवार को चुनाव करवाने का प्रस्ताव पारित किया एवं चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारियों के पद पर अजमेर केंद्र के वीर सूरज नारायण लखोटिया एवं दिल्ली केंद्र के वीर एल.एन. राव को नियुक्त किया आदि कई विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती रथयात्रा के मुख्य संयोजक वीर गौतम राठौड़ की देख-रेख में 14 मई से 20 मई तक धूमधाम से रीजन-4 में सम्पन्न हुई। सेवा रथ के माध्यम से जनजागृति के साथ प्रचार-प्रसार में भी मदद मिली। यह सेवा यात्रा रथ 14 मई को श्रीनाथ जी नाथद्वारा से राजसमंद जोन, डूंगरपुर-बांसवाड़ा जोन एवं उदयपुर जोन में स्थित केंद्रों के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए 20 मई को उदयपुर में सम्पन्न हुई। सभी जोन के वीर-वीराओं ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में सहभागिता की। सभी वीर भाइयों एवं वीरा बहिनों का अभिनन्दन के साथ आभार।

आपके स्वस्थ, सुखी और सेवा भावना के जीवन की मंगल कामना के साथ ...

# महावीर इंटरनेशनल जयपुर जोन अधिवेशन सम्पन्न दिनांक 26 अप्रैल, 2025





रीजन-2 के अंतर्गत जयपुर जोन का संभागीय अधिवेशन का आयोजन पार्क प्राइम होटल, जयपुर में भव्यता और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ में सम्मानित अतिथिगण क्रमशः अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-2) वीर श्यामसुंदर जालान, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अपेक्स) वीर विनोद कुमार चोरड़िया, क्षेत्रीय सचिव वीर महेश कुमार मूंड एवं अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीरा डॉ. रश्मि सारस्वत शामिल थे सभी ने अपने प्रेरक उद्बोधन से सभी को प्रभावित व प्रेरित किया।

कार्यक्रम की जोशपूर्ण शुरुवात जोन चेयरमैन वीरा रश्मि आर्य ने सभी पदाधिकारियों का अभिवादन के साथ किया। इसके बाद सभी केंद्रों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने केंद्र की संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी साथ ही भावी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने अपने प्रेरक संबोधन में संगठन के मिशन, मूल्य और आगामी योजनाओं पर चर्चा की, जो उपस्थित सभी सदस्यों के लिए अत्यंत मार्गदर्शक साबित हुई।

सभी केंद्रों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों हेतु प्रोत्साहन हेतु सम्मानित किया गया जिससे सभी केंद्रों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

इस कॉन्फ्रेंस ने न केवल संस्था के उद्देश्यों को मजबूत किया, बल्कि सभी सदस्यों को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जयपुर जोन अधिवेशन का यह आयोजन सभी के लिए यादगार रहा, जिसमें नेतृत्व, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा की अनूठी झलक देखने को मिली।

जोन सचिव वीरा अर्चना बोहरा ने सभी का अपना अमूल्य समय और ऊर्जा प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया व विशेष धन्यवाद महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र का कॉन्फ्रेंस आयोजित करने में विशेष सहयोग हेतु दिया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन वीरा सारिका अग्रवाल व वीरा बरखा गर्ग ने किया जिसको सभी ने सराहा।








Mahavir International Jaipur Zone
महावीर इंटरनेशनल जयपुर जोन
Zone Conference 2025






Mahavir International Jaipur Zone


Mahavir International Jaipur Zone
महावीर इंटरनेशनल जयपुर जोन


International Jaipur Zone
वीर इंटरनेशनल जयपुर जोन










Mahavir International Jaipur

# महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ परिसर में वीर सेवा स्तंभ का लोकार्पण एवं वेबसाइट का शुभारंभ दिनांक 27 अप्रैल, 2025



आंछड़ी स्थित महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय परिसर में महावीर इंटरनेशनल द्वारा **वीर सेवा स्तंभ** का लोकार्पण एवं चिकित्सालय की **वेबसाइट** का विधिवत शुभारंभ सम्पन्न हुआ।

पिछले 50 वर्षों से मानव सेवा के पथ पर अग्रसर महावीर इंटरनेशनल के हजारों समर्पित वीरों के सम्मान में निर्मित "वीर सेवा स्तंभ" का लोकार्पण महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीर अनिल जैन के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस स्तंभ का निर्माण वीर बसंती लाल मेहता (निखार ज्वेलर्स) के सौजन्य से किया गया, जिनके परिवार का समारोह में विशेष सम्मान भी किया गया।

यह संक्षिप्त एवं गरिमामय समारोह का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन अध्यक्ष वीर चांदमल बोकडिया, जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल हेल्थकेयर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष वीर अभय संजेती, सचिव सी.पी. जैन, अन्य केंद्रों के सदस्य, नेत्र चिकित्सालय की प्रमुख सर्जन डॉ. प्रतिष्ठा छिपा, चिकित्सालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में उपस्थित वीर-वीराओं की साक्षी में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय की वेबसाइट www.mahavirinternationaleyehospital.org का शुभारंभ भी मुख्य अतिथि वीर अनिल जैन द्वारा किया गया, जो भविष्य में चिकित्सालय की सेवाओं को और अधिक व्यापक बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इसके अतिरिक्त, भीमगढ़ में आयोजित संस्था के चित्तौड़गढ़ जॉन अधिवेशन में केंद्र के सचिव वीर सी.पी. जैन को 'सर्वश्रेष्ठ सचिव' के सम्मान से अलंकृत किया गया। साथ ही वीर प्रकाश पोखरणा एवं वीर नवनीत मोदी को नेत्रदान एवं देहदान प्रकल्पों में उत्कृष्ट योगदान हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। केंद्र अध्यक्ष वीर अभय संजेती को सेवाओं के क्षेत्र में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित कर संस्थान ने उनके योगदान को अभिनंदित किया।

चित्तौड़गढ़ केंद्र के 35 से अधिक वीरों ने अधिवेशन में सक्रिय सहभागिता कर संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया।




वीर बसन्तीलाल मेहता
वीर सेवा स्तम्भ
का
लोकार्पण
मुख्य अतिथि










WAITING HALL

# महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जोन अधिवेशन सम्पन्न दिनांक 27 अप्रैल, 2025







**महावीर के सिद्धांतों पर चलकर, सेवा कार्यों में लगे रहे-विधायक अर्जुन लाल जीनगर**

महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जोन अधिवेशन भीमगढ़ तहसील राशमी में मुख्य अतिथि माननीय विधायक अर्जुन लाल जीनगर के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने संस्थाओं को अधिक से अधिक सेवा कार्य करने एवं उच्च लक्ष्य रखने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी से निवेदन किया कि 5 व 6 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा संस्था को 50 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली समारोह जयपुर में आयोजित किया जा रहा हैं इसमें अधिक से अधिक सदस्य भाग ले, इस अवसर पर बोलते हुए विधायक कपासन श्री अर्जुन लाल जीनगर ने वर्तमान में उच्च शिक्षा प्राप्त होने पर बच्चे विदेश चले जाते हैं एवं मां-बाप को वृद्ध आश्रम में रहना पड़ रहा हैं, ऐसी शिक्षा किसी भी काम की नहीं हैं। उन्होंने महावीर इंटरनेशनल से आग्रह किया कि बच्चों में संस्कार के लिए एक अभियान चलाकर बुजुर्ग जन सम्मान बना रहे ऐसे कार्य करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं क्षेत्रीय सचिव वीरा सरोज ढेलावत ने भी विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के 14 सेंटर्स के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे एवं सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। समस्त केंद्र के विवरण प्रस्तुत करने के बाद समेकित विवरण जोन सचिव वीर प्रवीण जैन ने प्रस्तुत किया।

अतिथियों का स्वागत भीमगढ़ केंद्र के अध्यक्ष वीर गणेश लाल पुरबिया एवं भामाशाह श्री पारसमल जी बाफना ने किया। इस अवसर पर समस्त केंद्रों को उनके सेवा कार्यों के परिणाम स्वरूप पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र, महावीर इंटरनेशनल भीमगढ़ केंद्र, महावीर इंटरनेशनल राशमी केंद्र, महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र। व्यक्तिगत पुरस्कारों में वीर अभय सिंह संचेती एवं वीर कांतिलाल दक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ सचिव वीर चंद्रप्रकाश जैन एवं वीर लोकेश जायसवाल, वीरा सुनीता सिसोदिया, वीरा विनीता जैन, वीरा किरण पगारिया, वीरा प्रीति खेरोदिया एवं वीरा प्रियंका नाहर, वीर कैलाश गिरी गोस्वामी, महावीर इंटरनेशनल युवा को सरगम संगीत प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने के संदर्भ में सम्मानित किया गया। विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए महावीर इंटरनेशनल पारसोली केंद्र, महावीर इंटरनेशनल भीमगढ़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल निम्बाहेड़ा केंद्र को पुरस्कृत किया गया।

वीर पारसमल बाफना को उनके सेवा कार्यों में अभूतपुव योगदान के लिए सम्मान पत्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम का संचालन वीर सी.एम. रांका एवं वीरा स्वाति छाजेड़ ने किया।

नवचयनित सिविल सेवा श्री हर्ष पोखरना ने सभी को संबोधित करते हुए महावीर इंटरनेशनल के कार्यों को सराहा इस अवसर पर उनका सिविल सेवा में चयन होने पर संस्था के पदाधिकारी ने सम्मान किया। चित्तौड़गढ़ जोन चेयरमैन वीर चांदमल बोकाडिया ने समस्त पधारे अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार प्रदर्शित किया।


महावीर इन्टरनेशनल
जोन चित्तौड़गढ़
जोन अधिवेशन-2025


महावीर इन्टरनेशनल








महावीर इन्टरनेशनल





# प्रथम स्थापना दिवस
# महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र
# भव्य सम्मान समारोह का आयोजन
# दिनांक 4 मई, 2025

**मुख्य अतिथि नगर पालिका आयुक्त श्री सौरभ जिंदल**
**अध्यक्षता; अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेक्रेटरी जनरल वीर अशोक गोयल**
**विशिष्ट अतिथिगण: अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-4 वीर गौतम राठौड़, राजसमंद जोन अध्यक्ष वीर संपत लोढा, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर महेंद्र कोठारी आदि।**

नाथद्वारा में महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत, महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस समारोह "आह्वान" का भव्य आयोजन नगर के 120 फिट रोड स्थित एक निजी होटल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल रहे।

समारोह की अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेक्रेटरी जनरल वीर अशोक गोयल ने की।

कार्यक्रम में एक ही दिन में एक साथ विभिन्न समाज सेवा एवं संस्था के अन्य कार्यों का अनावरण किया गया:

- नगर पालिका नाथद्वारा एवं महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शीतल पेय जल व्यवस्था का कृष्ण सर्किल पर लोकार्पण।
- सात दिवसीय एक्यूप्रेशर कैम्प का शुभारंभ (3 से 9 मई तक), तेरापंथ सभा भवन, नई हवेली चौक, नाथद्वारा।
- मूक बधिर बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस एवं स्टेशनरी वितरण।
- दुर्घटनाग्रस्त एवं पीड़ित गायों के लिए करधर गौशाला में दलिया, खिचड़ी, चारे का वितरण।
- नाथद्वारा अस्पताल में कुपोषित बच्चों के MTC वार्ड में कपड़े, खिलौने एवं हाइजीन किट वितरण।
- मृत्युप्रांत नेत्र दान हेतु 11 घोषणा पत्र।
- "सुकून की छांव" प्रोजेक्ट के तहत जरूरतमंद स्ट्रीट वेंडर्स एवं प्याऊ के लिए छाते वितरण।
- महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ "SALUTE 2025" का शुभारंभ प्रभु श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा से किया गया। यह रथ यात्रा संपूर्ण भारत में महावीर इंटरनेशनल के सभी केंद्रों में पहुंच कर 50 वर्ष में किए गए सेवा प्रकल्पों का प्रचार-प्रसार करेगी।
- नाथद्वारा में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे संस्थाओं एवं सेवा कर्मियों को "कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यूथ श्रीनाथजी केंद्र द्वारा वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों की डिजिटल प्रस्तुति दी गई।
- 8 नए सदस्यों का शपथ ग्रहण करवाया गया।

विभिन्न कार्यों की नगर में जनता ने सराहना की, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-4 वीर गौतम राठौड़, राजसमंद जोन अध्यक्ष वीर संपत लोढा, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर महेंद्र कोठारी एवं राजसमंद जोन एवं अन्य केंद्रों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वागत उद्बोधन यूथ केंद्र अध्यक्ष वीर धर्मेश बापना ने दिया। मंच संचालन वीरा सीमा डागलिया एवं सचिव वीर सीए यश मारवाड़ी ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन वीर हितेश हिरण ने किया।









महावीर इन्टरनेशनल यूथ - श्रीनाथजी केन्द्र


महावीर इन्टरनेशनल यूथ - श्रीनाथजी केन्द्र
प्रथम स्थापना दिवस समारोह











स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा






# गवर्निंग कौंसिल की बैठक सम्पन्न दिनांक 11 मई, 2025








महावीर इंटरनेशनल की गवर्निंग कौंसिल की बैठक दिनांक 11 मई, 2025 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वर्चुअल माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें देशभर से 90 गवर्निंग कौंसिल सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़ें।


संस्था की प्रार्थना के पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल ने सर्वप्रथम सभा में पधारे सभी वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव के प्रस्ताव पर सभा ने पहलगांव में आतंकवादी हमले में मृत हुए देशवासियों एवं युद्ध में मारे गए आमजन एवं शहीदों की आत्मशान्ति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।


प्रारम्भिक वक्तत्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति लाल कवाड़, वीर विजय सिंह बापना एवं वीर शांति कुमार जैन द्वारा दिया गया।


अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल ने अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही विधिवत प्रारम्भ की। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:-

- रीजन के पुर्नगठन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। यह भी निर्णय हुआ कि रीजन की पुर्नगठित संरचना आगामी सत्र 2025-27 के प्रथम दिन अर्थात 01.10.2025 से लागू की जायेगी।
- सलाहकार परिषद (Advisory Council) का गठन कर संबंधित पदाधिकारियों को मनोनयन का पत्र जारी करने के बारे में सदन को







सूचित किया।

- सदस्यता शुल्क वृद्धि अर्थात सदस्यता शुल्क रु. 800 एवं नए सदस्यों हेतु रु.1000 वित्तीय वर्ष 2026-27 (01.04.2026) से लागू करने का निर्णय लिया गया।
- अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की प्रगति प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।
- सत्र 2025-26 के प्रस्तावित आय-व्यय की प्रस्तुति एवं स्वीकृति की गयी।
- वर्ष 2025-26 हेतु आडिटर की नियुक्ति करते हुए पुनः चौधरी गुप्ता एण्ड कं0 को नियुक्त किया गया।
- संस्था के स्वर्ण जयंती पर विशाल समारोह की तैयारियों की जानकारी समारोह की मुख्य संयोजक वीरा डॉ. रश्मि सारस्वत ने दी एवं सदन द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी।
- सदन द्वारा सत्र 2025-27 के चुनाव कराने की तिथि तय करते हुए 31 अगस्त, 2025 रविवार को चुनाव करवाने का प्रस्ताव पारित किया एवं चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारियों के पद पर अजमेर केंद्र के वीर सूरज नारायण लखोटिया एवं दिल्ली केंद्र के वीर एल.एन. राव को नियुक्त किया।
- चुनाव व्यक्तिगत मतदान से व ई-वोटिंग दोनो तरीकों से किये जाने पर निर्णय हुआ। किन्तु व्यक्तिगत मतदान की व्यवस्था केवल जयपुर कार्यालय पर ही होगी।
- गत गवर्निंग कौंसिल मीटिंग के बाद कुल 11 नए केंद्र खोले गए, जिसमें 04 वीर, 05 वीरा 02 युथ केंद्र। इन सभी केंद्रों को खोलने की पुष्टि की गयी।
- 30वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन के भव्य व सफल आयोजन के लिए आयोजक केंद्र महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद एवं तेलंगाना जोन का सदन द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।
- संबंधित रीजन व जोन के पदाधिकारियों की अनुशंषा पर 20 निष्क्रिय केंद्रों को बंद किया गया।
- अजमेर भवन निर्माण की प्रगति से सदन को अवगत करवाया गया एवं आर्थिक सहयोग हेतु अपील की गयी।
- पिछली चार गवर्निंग कौंसिल मीटिंग में सदस्यों की उपस्थिति व अनुपस्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया।

अंत में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्त की गयी।

# महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती रथयात्रा धूमधाम से रीजन-4 में सम्पन्न- सेवा रथ के माध्यम से जनजागृति, मुख्य रैली में उमड़ा हुजूम






"**सबकी सेवा सबको प्यार**" के ध्येय वाक्य को लेकर "**जियो और जीने दो**" के मूल सिद्धांत पर चलते हुए संस्था के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भव्य स्वर्ण जयंती सेवा रथयात्रा एवं सेवा रैली का आयोजन रीजन-4 में श्रीनाथ जी की नगरी, नाथद्वारा से प्रारंभ होकर अंतिम चरण में उदयपुर में उत्साह के साथ सम्पन्न करने का निर्णय लिया गया। संस्था के 50 वर्षों की सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हं।



आपको बता दें कि 4 मई को अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन एवं अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-4 वीर गौतम राठौड़, राजसमंद जोन अध्यक्ष वीर संपत लोढा, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर महेंद्र कोठारी आदि के सानिध्य में स्वर्ण जयंती सेवा रथ का शुभारम्भ श्रीनाथजी की पावन धरा नाथद्वारा से किया गया था।

**राजसमंद जोन 14 व 15 मई, 2025**

स्वर्ण जयंती सेवा रथयात्रा की 14 से 20 मई तक के लिए रीजन-4 के लिए विधिवत शुरुवात की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वीर गौतम राठौड़ के निर्देशन में 14 मई को श्रीनाथजी की पावन धरा नाथद्वारा से प्रात: 9:30 बजे नगर के बस स्टैंड पर सेवा रथ पहुंचा, विधिवत पूजन एसडीएम रक्षा पारीख द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़, जोन अध्यक्ष वीर संपत लोढा, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी एवं जोन कोषाध्यक्ष वीर विकास सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रथयात्रा की शुरुआत नगर के प्रमुख स्थल आइकोनिक गेट से हुई, जो रसाला चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा होते हुए नई सड़क मार्ग से वापस बस स्टैंड पहुंची।

महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल

नाथद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में यात्रा के दौरान एलईडी के माध्यम से महावीर इंटरनेशनल की विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का जन समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। रथ को बस स्टैंड से पूरे देश की यात्रा के लिए कांकरोली की ओर ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र के अध्यक्ष वीर धर्मेश बापना, कोषाध्यक्ष वीर कपिल डागलिया, उपाध्यक्ष वीर पीयूष लोढ़ा सहित यूथ कार्यकारिणी के सभी सदस्य, महावीर इंटरनेशनल शाखा नाथद्वारा की अध्यक्ष वीरा अरुणा जैन, सचिव वीरा अर्चना अग्रवाल एवं शाखा के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर के सकल जैन समाज के अध्यक्ष श्री ईश्वर सामोता, तेरापंथ सभा अध्यक्ष श्री विश्वजीत कर्णावट, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. के.एल. परमार, पूर्व चेयरमैन, पदाधिकारी एवं जैन समाज के वरिष्ठजन सम्मिलित हुए।

महावीर इंटरनेशनल राजसमंद केंद्र, महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा राजसमंद एवं महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का 12 बजे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया एवं नगर भम्रण करवाया गया। केंद्र के पदाधिकारियों ने रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए अपेक्स व केंद्रों के सेवा-कार्यों की जानकारी दी गई।

3 बजे महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र द्वारा बस स्टैंड मुख्य बाजार एवं चौपाटी पर रथ यात्रा का स्वागत करने के पश्चात 5 बजे महावीर इंटरनेशनल आमेट सेंटर, महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा केंद्रों द्वारा आमेट यात्रा का नगर में भ्रमण बस स्टेशन, मार्केट, लक्ष्मी होते हुए हॉस्पिटल रोड, सब्जी बाजार, गांधी चबूतरा पुनः बस स्टेशन लौटी। आमेट सेवा कार्यों को एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम को आगंतुक व पूर्व अध्यक्ष जिन्होंने अपने आर्थिक सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया, उन सभी पदाधिकारियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर तहसीलदार पारसमल बुनकर, राजसमंद जोन अध्यक्ष वीर संपत लाल लोढा, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी, पूर्व चेयरमैन वीर देवेंद्र कच्छारा, पूर्व अध्यक्ष वीर चतर लाल डांगी, वीर अरविंद कुमार भरसारिया, अध्यक्ष वीर हस्तीमल पामेचा, सचिव वीर सुभाष कोठारी, वीर लाभचंद हिंगड़, वीर महेंद्र बोहरा, वीर मनसुख लाल बंम्ब, वीर अभय कुमार गेलडा, वीर भंवरलाल डांगी, वीर सुंदरलाल हिरण, वीर विकास खटोड़, वीर महावीर कोठारी, वीर नरेंद्र बडोला, वीर ललित छाजेड़, वीर महेंद्र हिरण, वीर पारसमल पामेचा, वीर अशोक पितलिया, वीर पवन कच्छारा, वीर मनीष जैन, वीर राजेंद्र जैन, वीरा भाविन कोठारी, वीरा मनीषा छाजेड़, वीरा संतोष देवी हिरण, वीरा निर्मला कोठारी, वीरा सायर देवी पामेचा, वीरा अनीता छाजेड़, वीरा सुमिता चोरड़िया, वीरा कमला देवी भरसारिया, वीरा मंजू देवी हिरण, वीरा लीला देवी ढिलीवाल, वीरा शिल्पी जैन, वीरा संगीता पामेचा, वीर प्रकाश देवी ढिलीवाल, वीर कैलाश देवी डांगी आदि की उपस्थिति रही। संस्था द्वारा राहगीरों को मिल्क रोज वितरण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने संभाषण में आमेट संस्था के कार्यों की सरहाना की। आभार ज्ञापन संस्था अध्यक्ष वीर हस्तीमल पामेचा ने किया। कार्यक्रम का संचालन वीर अशोक पितलिया ने किया। कार्यक्रम की जानकारी संस्था मीडिया प्रभारी वीर पवन कच्छारा दी।

रात्रि विश्राम के बाद 15 मई को प्रातः महावीर इंटरनेशनल खमनोर हल्दीघाटी बस स्टैंड पर आयोजित समारोह में भव्य स्वागत किया तथा सायं 5 बजे महावीर इंटरनेशनल कुंवारिया केंद्र द्वारा कुंवारिया पहुंचने पर पूरे कस्बे में घूमाकर अनेक जगह रथ पर संचालित एलईडी से सेवा कार्यों को दिखाया गया। महावीर इंटरनेशनल की ओर से निर्मित महावीर उद्यान पर रथ का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उद्यान के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। इसमें देवीलाल ओस्तवाल, भगवती लाल तातेड़, यशवंत कुमार पीपाड़ा, गिरीराज काबरा, फतेहलाल पीपाड़ा आदि का विशेष सम्मान किया गया। महावीर इंटरनेशनल कुंवारिया का ऐतिहासिक कार्य संस्था की कुंवारिया शाखा को भामाशाह विनोद कुमार गांग ने एक आवासीय कन्वर्टेड भूखंड संस्था का भवन बनाने के लिए दान किया गया। भामाशाह गांग ने महावीर उद्यान में खुले दिल से आर्थिक सहयोग दिया था। भामाशाह के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान किया गया। रथ के साथ पहुंचे राजसमंद जोन सेक्रेटरी वीर निर्मल सिंघवी का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रीजन-4 कोषाध्यक्ष वीर विजय प्रकाश पीपाड़ा, रीजन-4 के मेडिकल डिप्टी डायरेक्टर वीर राजेंद्र पोखरना, अध्यक्ष वीर बलवंत ओस्तवाल, सचिव वीर गौतम ओस्तवाल, वीर यशवंत पीपाड़ा, वीर प्रकाश पीपाड़ा, वीर दिनेश तातेड़, वीर महेंद्र तातेड़, वीर भैरूलाल तातेड़, वीर जितेंद्र ओस्तवाल, वीर राकेश चपलोत, वीर ललित कच्छारा, वीर पंकज तातेड़ व सदस्य मौजूद थे।

राजसमंद संभाग के 11 केंद्रों से होता हुआ स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ शाम 7 बजे दरीबा पहुंचा। दरीबा चौराहे पर रथ का भव्य स्वागत किया गया। संभागीय सचिव वीर निर्मल सिंघवी और रथ चालक का सम्मान हुआ। रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए सेवा-कार्यों की जानकारी दी गई। पीड़ित प्राणियों को राहत, बहुआयामी सेवा-कार्य और केंद्रों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के CSR हेड श्री भुनेश्वर शर्मा और दरीबा चौकी प्रभारी श्री भैरूलाल का अध्यक्ष वीर प्रकाश सियाल ने स्वागत किया। सभी भामाशाहों को उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर प्रकाश सियाल, वीर चतर सिंह राजावत, वीर ईश्वरलाल सिन्याल, वीर खेमराज खारोल, वीर मुकेश वैष्णव, वीर जयेश वैष्णव, वीर रणजीत वागरेचा, वीर रामस्वरूप ईनाणी, वीर जंबु जैन, वीर लक्ष्मीनारायण तोषनीवाल और वीर ओम प्रकाश विजयवर्गीय मौजूद रहे। दरीबा सेंटर के वीर नीरज मेहता, वीर जयेश गोखरू, वीर रतन चंडक, वीर विनोद सुराणा, वीर जवाहरलाल, वीर राहुल, वीर राजेंद्र वैष्णव और वीर चुन्नीलाल मेनारिया भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालन वीर विजय सिंह सुराना ने किया। दरीबा सदस्यों द्वारा संस्था के झंडों के साथ सबकी सेवा सबको प्यार, जियो ओर जीने दो के नारों के साथ गोल्डन जुबली रथ को दरीबा चौराहे से रैली का आयोजन किया गया।

राजसमंद संभाग को पूर्ण कर सेवा यात्रा रथ दिनांक 16 मई से डूंगरपुर-बांसवाड़ा जोन में भम्रण हेतु रवाना हो गया।




SALUTE - 2025
महावीर इन्टरनेशनल एपेक्स




राजसमन्द जोन से
भव्य गौरवमय शुभारम्भ






स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा


Love All Serve All
MAHAVIR INTERNATIONAL
Live And Let Live
महावीर इन्टरनेशनल खमनोर केन्द्र
Welcomes You




Welcomes You
आपका हार्दिक
अभिनन्दन करता है






1975-2025
50
GOLDEN JUBILEE
स्वर्ण जयन्ती




LEVI'S




महावीर
इन्टरनेशनल
एपेक्स

## रीजन-1

### नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र** द्वारा मार्च माह में अपने तीन अस्पताल के माध्यम से 5231 एवं शिविरों के माध्यम से 2880 लोगों ने नेत्र जांच से लाभ लिया एवं सामान्य जांच शिविरों के माध्यम से 2670 एवं अस्पताल में 1569 लोग लाभान्वित हुए। केंद्र के अस्पतालों में सर्जरी: 184, डेंटल पेशेंट्स: 72, लैब पेशेंट्स: 1005 मरीज लाभान्वित हुए। कुल 13629 मरीज लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा इस माह में 18 कैम्प लगाए गए। स्वस्थ सहेली प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेंस्ट्रुअल हाइजीन: 1420, ब्रैस्ट फीडिंग: 137, नेत्रदान: 2 हुए। केंद्र द्वारा जनित्री कार्यशाला 3 बार आयोजित की गयी जिसमें 20 गर्भवती महिलाएं और 70 स्तनपान कराने वाली माताएं उनको गुडी बैग वितरित किए गए जिनमें बेबी किट, सेनेटरी नैपकिन, काला चना, मूंगफली और गुड़ के पैकेट शामिल थे। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा CSR पहल के तहत प्रायोजित और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली को समर्पित नव अधिग्रहीत पैथोलॉजिकल लैब और आई केयर उपकरण का औपचारिक उद्घाटन 21 अप्रैल को राजधानी चेरिटेबल मेडिकल एंड आई केयर सेंटर में हुआ एवं साथ ही किश्वरना चेरिटेबल आई एंड मेडिकल सेंटर, बदरपुर के लिए ऑनलाइन लॉन्च किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य दिल्ली एनसीआर में वंचित समुदायों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में श्री अनुज जैन, निदेशक वित्त, IOCL, श्री संदीप जैन, कार्यकारी निदेशक, I/C गैस, IOCL, श्री विनय कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, IOCL, वीर अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष, MID वीर अरुण जैन, सचिव, MID, ब्रिगेडियर वीर डॉ. आर.एस. भाटिया, निदेशक चिकित्सा, MID, वीर विनय कुमार अग्रवाल, निदेशक प्रशासन, MID की गरिमामय उपस्थिति रही। केंद्र द्वारा 26 अप्रैल को राजधानी फ्लोर मिल्स द्वारा प्रायोजित तीन महीने के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के पहले बैच के 26 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम राजधानी चेरिटेबल आई एंड मेडिकल सेंटर, नबी करीम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री चेतन जैन प्रबंध निदेशक, राजधानी बेसन समूह, वीर के. नारायण, अध्यक्ष, वीर अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष, ब्रिगेडियर वीर डॉ. आर.एस. भाटिया, निदेशक चिकित्सा आदि की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।





**पैथोलॉजिकल लैब और आई केयर उपकरण का उद्घाटन एवं प्रमाण पत्र प्रदान कार्यक्रम**

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में संचालित अस्पताल में निम्न सेवाएं प्रदान की जैसे नेत्र जांच: 822, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 79, नेत्र शिविर: 1, स्पेक्स: 79, फिजिशियन जांच: 669, फिजियोथैरेपी जांच: 329, डेंटल जांच: 54, गायनोकॉलोजी: 23, ऑर्थोपेडिक: 22, ENT: 14, दवाईयों का वितरण: 19110, डिजिटल एक्सरे में 121 एवं पैथोलॉजी जांच में 363 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किए गए जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच: 108, ब्लड प्रेशर जांच: 124, Uricacid: 21, मेडिकल, डेंटल, स्कैन, ऑर्थो कैम्प: 141, लंग्स कैम्प: 176, ऑर्थोपैडिक कैम्प: 31, लिवर फंक्शन कैम्प: 22 की जांच की गयी। 284 कपड़े की थैलियां वितरित की गयी। 10 अप्रैल को महावीर जयंती पर दो दिवसीय थाइराइड, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं डेंटल शिविर आयोजित किया गया जिसमें 667 मरीज लाभान्वित हुए।



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

### महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में भगवान महावीर हॉस्पिटल में नेत्र जांच: 557, नेत्र ऑपरेशन: 15, डेंटल चेकअप: 63, एक्यूप्रेशर उपचार: 140, न्यूरोथैरेपी उपचार: 249, फिजियोथैरेपी उपचार: 333, होम्योपैथी: 0, सेनेटरी नैपकिन भेजे गए: 16000, कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र: 60 छात्र।



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र** द्वारा 22 अप्रैल को गुरुग्राम विधायक श्री मुकेश शर्मा जी के पूर्ण समर्थन से अपने प्रोजेक्ट 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' की शुरुआत की। वीर हितेश, वीर संदीप, वीर राजकुमार सालगिया और वीर संजय की उपस्थिति में माननीय विधायक ने कपड़े के थैले वितरित करने के लिए अपने कार्यालय में उपस्थित 50 से अधिक सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने उनके कार्यालय से बाहर निकलकर आम जनता को थैले वितरित किए और उन्हें इन थैलों का उपयोग करने और अपने नियमित बाजार कार्यों के लिए प्लास्टिक थैलों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। श्री मुकेश शर्मा जी ने निकट भविष्य में इस परियोजना को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि उनके कार्यालय के माध्यम से नियमित



**'कपड़े की थैली मेरी सहेली' कार्यक्रम का आयोजन**

रूप से कपड़े के थैले वितरित किए जाएं और हमें अपने एमआई सिलाई केंद्र की महिलाओं को उनके सीखने के दौरान थैले सिलाई करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इस कार्यक्रम को मीडिया द्वारा व्यापक रूप से कवर किया गया। 5 मई को वीर हितेश, वीर राजीव के गुप्ता, वीर राजकुमार सालगिया, वीर किरीट वोरा, वीर मुकेश और वीर संजय की उपस्थिति में सेक्टर-17 एमआई स्कूल गुड़गांव में सिलाई (सिलाई) केंद्र के लिए मेधावी महिलाओं को सम्मानित किया और प्रमाण पत्र वितरित किए। सभी 6 केंद्रों से मेधावी महिलाओं का चयन किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र और एक सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। कुल 9 मशीनें वितरित की गई। सभी केंद्रों से बड़ी संख्या में शामिल होने वाली बाकी महिलाओं को प्रशंसा पत्र दिए गए।

## महावीर इंटरनेशनल शाहदरा केंद्र नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल शाहदरा केंद्र** द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कड़कड़ मॉडल




**नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन**

स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें 202 लोगों की जांच की गई। 168 आई ड्रॉप्स और 18 चश्मों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कैम्प में सचिव वीर शरद जैन, कोषाध्यक्ष वीर विवेक जैन और वीर हरीश गोयल उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र फरीदाबाद सम्मान समारोह कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र** द्वारा फरीदाबाद को 08 मई को अन्तर्राष्ट्रीय थैलासीमिया दिवस पर एक विशेष आयोजन जोकि दिल्ली विधानसभा के विशेष सहयोग से नेशनल थैलासीमिया वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा किया गया, इस समारोह में रक्तदान और थैलासीमिया में किए गए उत्कर्ष कार्यों के लिए केंद्र को विशिष्ट सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में दिल्ली विधानसभा



**सम्मान समारोह कार्यक्रम**

के माननीय अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि थे और उनके साथ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण MOHFW की वरिष्ठ विशेषज्ञ श्रीमती विनीता श्रीवास्तव, डॉ. तूलिका सेठ AIIMS प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ हेमोटोलॉजी, डॉ. वी.पी. चौधरी, डॉ. जे.एस. अरोडा, श्री अपूरबा घोष एवं बहुत से अन्य हस्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा केंद्र गुरुग्राम सेनेटरी नैपकिन का वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा केंद्र गुरुग्राम** द्वारा "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" गरिमा प्रोजेक्ट के तहत राजकीय महाविद्यालय स्कूल में बालिकाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार संबंधी जानकारी दी गई। लड़कियों और महिला



**सेनेटरी नैपकिन का वितरण कार्यक्रम**

शिक्षकों का एचबी चेकअप किया गया। बच्चों को पोषण आहार केला, पेय एवं सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। शिक्षकों को लाइफ सेवर किट और मेंस्ट्रुएशन कप दिए गए। कार्यक्रम में दिल्ली से डॉ. अरुणा जी ने बच्चों को इस विषय में पूरी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में करीब 800-850 लड़कियों को लाभ मिला। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा हेमा जैन, जोन चेयरपर्सन वीरा सुनीता जैन, सचिव वीरा सरोज, चेयरपर्सन वीरा मंजु, वीरा विनिता, वीरा मीना, वीरा रीतू, वीरा रेखा, वीरा सलोनी, वीरा नीलकंठ, वीरा सौम्या की उपस्थिति रही।

## नार्थ-2 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अम्बाला सिटी केंद्र
### जन जाग्रति अभियान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अम्बाला सिटी केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जी के 2624वें जन्म कल्याणक के अवसर पर



जन जाग्रति अभियान कार्यक्रम

पारंपरिक वार्षिक कार्यक्रम के तहत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1600 से अधिक लोगों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया। केंद्र के सभी सदस्यों ने भोजन वितरण सेवा में सहभागिता कर पुण्यार्जन किया। इस आयोजन का सम्पूर्ण लाभ जोन चेयरमैन वीर जितेश जैन द्वारा लिया गया। केंद्र द्वारा संचालित सिलाई स्कूल के पहले बैच के सभी 10 छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जन जागृति अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में अम्बाला शहर नगर निगम की नव निर्वाचित मेयर (महापौर) श्रीमती शैलजा सन्दीप सचदेवा द्वारा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" के अन्तर्गत कपड़े की थैली का विमोचन किया गया। जोन सचिव वीरा अर्चना जैन ने मेयर श्रीमती शैलजा व नगर निगम सदस्य श्री सन्दीप सचदेवा का स्वागत व हार्दिक अभिनन्दन करते हुए अपेक्स जोकि इस वर्ष अपने कार्यकाल के (50) वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती मना रहा हैं के जनहित में कर रहे कार्यक्रमों के बारे जानकारी प्रदान की। इस विशिष्ट समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जोन कोषाध्यक्ष वीर ललित जैन, केंद्र चेयरमैन वीर अमन जैन, सचिव वीर सुनील जैन का विशेष योगदान रहा।

### महावीर इंटरनेशनल पंचकूला वीरा केंद्र
### मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पंचकूला वीरा केंद्र** द्वारा मदर्स डे पर वीरा सेंटर पंचकूला ने आशियाना निवास में अनाथ बच्चों के साथ और सेक्टर-16 पंचकूला में स्टॉफ सदस्यों के साथ मदर्स डे मनाया। 30 डिब्बे मिठाई और पेय वितरित किए, बच्चे खाने-पीने की चीजें पाकर बहुत खुश हुए। सरकारी नियमों के अनुसार बच्चों के साथ फोटो खिंचवाने की अनुमति नहीं हैं। वीरा राज जैन, वीरा विजय जैन, वीरा शुभ किरण जैन, वीरा अनुबा जैन और अन्य लोग वहां मौजूद रहे।



मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल नालागढ़ वीरा केंद्र
### व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नालागढ़ वीरा केंद्र**



व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम

द्वारा एक जरूरतमंद व्यक्ति को व्हीलचेयर दान स्वरूप भेंट की गई।

## रीजन-2

## जयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर
### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर** द्वारा मार्च माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम.सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5500 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। वीर बालिका महाविद्यालय में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर जिसमें 20 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। स्वनेत्र अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद 9 ऑपरेशन करवाए गए। 2 मार्च को बरखेड़ा शिवदास पूरा में विशाल पशु चिकित्सा शिविर पुनराम चेरिटेबल ट्रस्ट एवं तयागच्छ जैन संघ जयपुर के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें 127 पशुओं का इलाज किया गया तथा 8 पशुओं को



नाश्ता वितरण कार्यक्रम

शल्य चिकित्सा दी गयी। 42 पशुओं की बांझ चिकित्सा भी की गयी। 24 मार्च को जनता कॉलोनी जैन मंदिर में जनरल मीटिंग आयोजित की गयी एवं होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें 69 सदस्य उपस्थित रहे। वीरा माया बोथरा द्वारा "RAYS" HIV पीड़ित बच्चों के आश्रम में बच्चों के बैठने की सुविधा के लिए 4 बैंच लगवाई गयी। 5 मार्च को आत्म निर्भर वृद्धाश्रम में बुजुर्गो को नाश्ता करवाया गया। कई परिवारों को राशन सामग्री, दवाईयां, जरुरत का सामान दिया गया। हर माह की भांति इस माह भी गोद लिए गए कैंसर मरीज को कोलोन बैग एवं राशन सामग्री दी गयी। 1 बालिका को 10वीं कक्षा की पढाई के लिए रु.24000 की फीस हेतु सहायता की। 18 मार्च को 60 बालिकाओं को नाश्ता करवाया गया। वीरा कमल पनगड़िया द्वारा न्यूरोलोग्य विभाग में 4 ओपन सेल्फ दवाईयां रखने के लिए व लखीसराय स्कूल में एक अलमारी दी गयी। इन्ही के द्वारा SMS अस्पताल में रेडियोलोजी विभाग में 4 AC मशीन एवं एक वाटर कूलर लगवाया गया। 22 मार्च को पशुचिकत्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें 725 भेड़-बकरी, 275 गाय-भैंस 6 श्वान आदि की चिकित्सा की गयी एवं दवाईयां भी दी गयी तथा टीकाकरण भी किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा झूलेलाल पार्क जवाहर नगर में पक्षियों के लिए 11 परिंडे पानी के लिए व 7 परिंडे दाने के लिए लगाये गये। पक्षियों के लिए 10 घोंसले भी बांधे गए। वीरा विद्या व वीरा ऋतु चपलावत ने परिंडों में पानी देने की जिम्मेदारी ली। केंद्र द्वारा शिक्षा में सहयोग के तहत एक जरूरतमंद बालिका राधिका शर्मा जोकि जोसफ सेकेंडरी स्कूल में पढ़ती हैं को 5वीं क्लास की बुक्स दिलवाई गई। मानव सेवा के तहत वीरा बीना पाटनी के सहयोग से 2 दिव्यांगजनों को जयपुर फुट व एक दिव्यांग को व्हीलचेयर दी गई। वीरा बीना ने उनके पापा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह नेक कार्य किया। 12 मई को महावीर विकलांग समिति



नाश्ता वितरण कार्यक्रम

में जरूरतमंद एक व्यक्ति को व्हीलचेयर व चार व्यक्तियों को कृत्रिम पाव वीरा विनीता के सहयोग से लगवाये गए। अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत भूखे को भोजन कराने के उद्देश्य से जैपुरिया हॉस्पिटल में खाना वीरा आशा खरेड़ के प्रयास से एक गुप्त महिला द्वारा खिलाया गया। इन कार्यक्रमों में केंद्र चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढ़ा, सचिव वीरा ऋतु चपलावत, वीरा विद्या मेहता, वीरा ज्योत्सना, वीरा आशा खरेड़ उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र** द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए केंद्र चेयरपर्सन



परिंडे वितरण कार्यक्रम

वीरा सुलोचना जैन ने बताया कि कोषाध्यक्ष वीरा ज्योति जैन, वीरा सुनील धनोपिया की तरफ से जीव दया एवं पक्षी मित्र अभियान के तहत शिव मंदिर तलवंडी में परिंडे बांधे गए। सचिव वीरा मिथलेश जैन ने बताया कि वीरा ज्योति जैन, वीरा आशा जैन, वीरा प्रीति जैन, वीरा सुनीता जैन उसमें सभी का पूर्ण सहयोग रहा।

# सीकर-झुंझुनू संभाग

## महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा 29 अप्रैल को अन्नपूर्णा रसोई रैन बसेरा नगर परिषद झुंझुनू में वीर हरि कुमावत के सौजन्य से उनके जन्मदिन के अवसर पर 100 लोगों को निःशुल्क स-स्नेह भोजन कराया गया तथा मिठाई भी बांटी गई। कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दड़िया ने सूर्याक को आशीर्वाद दिया तथा इस नेक कार्य के लिए इस वीर हरि कुमावत एवं वीरा मनीषा कुमावत को साधुवाद दिया। इस



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

मौके पर कार्यक्रम में वीर जाकिर अली सिद्दीकी, वीर पुष्कर दत्त जांगिड़, वीर राजेंद्र सिंह भाटी आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र** द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नियति डागर के पहले जन्मदिन पर उनके पिता नवीन डागर व माता नीतू के सौजन्य से सामाजिक सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए, नवीन डागर ने माकड़ो सिंघाना के स्थानीय स्कूल के छात्रों के बीच सभी विद्यार्थियों को उपहार एवं अल्पाहार वितरण कर अपनी पुत्री का प्रथम जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मनाया। इस नेक कार्य में धर्मपाल डागर, ओम प्रकाश डागर (माइनिंग मेट), सज्जन पाल डागर, सुरेश डागर, रघुवीर डागर ने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। इस अवसर पर नियति के माता-पिता ने एक जरूरतमंद छात्रा की शिक्षा शुल्क का खर्च उठाने का भी निर्णय लिया, ताकि वह अपनी पढ़ाई बिना किसी बाधा के जारी रख सके। इसके साथ ही एक जरूरतमंद





**विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन**

वृद्ध दंपति को राशन व नकद राशि का सहयोग दिया। उन्होंने जरूरतमंद छात्रा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे इस आयोजन में मानवता की भावना ओर गहराई से झलकी। इस अवसर पर पृथ्वी दिवस के बारे में पर्यावरण को बचाने हेतु सभी छात्रों के साथ एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण रक्षा हेतु अधिक से अधिक जल बचाने, पेड़ लगाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु समझाइश की गई। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पक्षियों के लिए पीने के पानी हेतु परिंडे भी लगाए गए। इस कार्यक्रम में संस्था चेयरपर्सन वीर रमेश कुमार जांगिड़, सचिव वीर सुरेश डागर, वीर उमेश कुमार शर्मा, वीर सुरजा राम, वीर ओमप्रकाश डागर (माइनिंग मेट) वीर सज्जन पाल डागर, वीर धर्मपाल डागर, वीर रघुवीर डागर एवं स्कूल का समस्त स्टॉफ तथा काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में** स्वर्गीय श्री केदारमल जी हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ, शिविर में 865 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। केंद्र द्वारा जैनसन एलइडी लाइट के सौजन्य से बाबा गंगाराम धाम पंचदेव मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर गांधी चौक झुंझुनू में विशाल भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया, आयोजन में बेंगलुरु, कोलकता, सूरत, अहमदाबाद व अन्य शहरों से आए भामाशाओं को संस्था के बारे में जानकारी प्रदान की। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंडारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 85 लोगों ने लाभ उठाया, उपरोक्त मरीजों की जांच कर, एक माह की दवाईयां नि:शुल्क वितरण की गई। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया





**नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं जीव दया कार्यक्रम**

काफी संख्या में प्रबुद्ध जनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। पर्यावरण बचाने के लिए एनवायरमेंट डिप्टी डायरेक्टर वीर डॉ. उमेद सिंह शेखावत ने धरती पर बढ़ रहे पॉल्यूशन, घट रहे पेड़ और प्रचंड गर्मी सभी पर विस्तार से चर्चाएं की और

उपस्थित सभी लोगों को जागरूक किया। सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद किया जाए, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं, बारिश के पानी का संग्रह किया जाए तभी जलस्तर बढ़ सकेगा। (चंद्रकांत बंका) स्वर्गीय त्रिलोकचंद जालान एवं भागीरथी देवी जालान की स्मृति में वीर श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई इंदिरा नगर में जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया। एक जरूरतमंद परिवार की कन्याओं के पिता जो घरों में खाना बनाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं, उनकी दो कन्याओं की शादी 30 अप्रैल को हैं, संस्था के मेंबर्स को जरूरतमंद परिवार का पता चला और शादी के खर्चे के लिए कन्या का पिता परेशानी में था, मेंबर्स ने मिलकर एक बोरी चीनी, एक बोरी आटा, एक टीन तेल, दो बॉक्स घी, 22 साड़ियां, 6 पैंट शर्ट, काफी अन्य जरूरत के कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कॉस्मेटिक सामान, क्रोकरी, कैसरोल एवं काफी मात्रा में जरूरत का सामान भेंट किया गया। केंद्र द्वारा 'वात्सल्य' अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनू जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 65 हाइजीनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरित किए गए। वीरा प्रमिला शर्मा के सौजन्य से नंदी गौशाला परिसर झुंझुनू में भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के 25 परिंडे लगाए एवं गौमाताओं को हरी सब्जियां खिलाई गई। इन विभिन्न अवसरों पर संस्था चेयरमैन वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक वीर डॉ. एस. एन. शुक्ला, वीर डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, वीर डॉ. उमेद सिंह शेखावत, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर जयप्रकाश शर्मा, वीर रामाकांत हवाई, वीर रामगोपाल शर्मा, वीर भरत कुमार तुलस्यान, वीर सुभाष चंद्र जोशी, वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर पवन कुमार खेतान, वीर शिवप्रसाद महर्षि, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर मोहम्मद यासीन, वीर मुबारक अली पहाड़ियांन, वीर अकराज कुरेशी, वीर श्रवण कुमार गोयनका, वीर सूमेर सिंह कर्णावत, वीर रामगोपाल शर्मा, वीर जयप्रकाश शर्मा, वीर प्रहलाद अग्रवाल, वीर दशरथ टेलर, वीर भानिराम टेलर, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर जाहिद अली खोखर, वीर कैलाश चंद्र शर्मा, वीर पंकज जालान, वीर महावीर प्रसाद सैनी, वीर रमेश चंद्र शर्मा, वीर देवेंद्र कुमार खत्री, वीर गोपाल कृष्ण गुप्ता सहित कई वीर सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र** द्वारा विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी व लोकतंत्र सैनानी सज्जन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में रामधारी मित्तल सेवा सदन पर पक्षियों



परिंडे वितरण कार्यक्रम

के लिए परिंडे लगाए गए। सचिव वीर डॉ. अनिल शर्मा अनमोल द्वारा उनकी दादीजी की पुण्यतिथि पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाओ मुहिम के तहत मुख्य डाकघर सूरजगढ़ पर पोस्टमास्टर राजेश यादव के नेतृत्व में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। उनकी शादी की सालगिरह पर भी डाकघर में परिंडे लगाए गए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर मनोहर लाल जांगिड़, सचिव वीर डॉ. अनिल शर्मा, वीर लक्ष्मण धायल, डाकघर कार्मिक पवन कुमार, नारायण सिंह व अभिषेक सहित पोस्ट ऑफिस के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा सीकर केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा सीकर केंद्र** द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए



परिंडे वितरण कार्यक्रम

महिलाओं ने मिलकर परिंडे लगाए। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सन्नू मोदी, सचिव वीरा किरण खेतान, वीरा संगीता खेतान, वीरा सीमा अग्रवाल, वीरा आशा कनोडिया, वीरा कुसुम अग्रवाल, वीरा मेघना गुप्ता, वीरा संगीता मोदी, वीरा मीनाक्षी भल्लाधार आदि महिलाओं ने भाग लिया। इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी के पात्र की बहुत ही आवश्यकता हैं इसी आवश्यकता को देखते हुए सभी वीरा ग्रुप की महिलाओं ने यह काम किया ताकि प्यास के चलते पक्षियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

# रीजन-3

## अजमेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 290 मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 37 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। केंद्र द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण का मरीजों के परिजन की मांग पर वीर प्रेम कुमार जैन द्वारा बताए अनुसार घर पर उपयोग हेतु 16 अप्रैल से 15 मई तक उपलब्ध कराए गए उपकरण जैसे सर्जिकल बेड, पोट्टी चेयर, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन सिलेंडर, वॉकर,





खाद्य सामग्री एवं अलमारी वितरण कार्यक्रम

एयर बेड-वाटर बेड, मैट्रिक्स, स्टिक्स, अन्य उपकरण इस प्रकार इस माह में कुल 147 उपकरण विभिन्न व्यक्तियों को उपयोग हेतु दिए गए। अब तक कुल 6681 मरीजों को इन उपकरणों से लाभ पहुंचाया जा चुका हैं। 26 अप्रैल को स्वर्गीय वीर डी.सी. मेहता की पत्नी श्रीमती सुलोचना मेहता एवं पुत्री डॉ. अलका मेहता के द्वारा जरूरतमंद एक परिवार के सदस्यों के लिए एक माह की दैनिक उपयोग की सामग्री (रुपए तीन हजार पांच सौ) श्रीमती शशि कला शर्मा पत्नी स्वर्गीय सत्यनारायण शर्मा निवासी दयानंद कॉलोनी रामनगर अजमेर को उपलब्ध कराई। 6 मई को जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल अजमेर के पी.एम.आर. डिपार्टमेंट के चिकित्सक डॉ. प्रीति सोनी के द्वारा एक स्टील अलमारी की आवश्यकता से अवगत कराया गया। मांग पर विचार कर एक बड़ी अलमारी (6'1/2'×4') वीर पदम जैन के द्वारा उपलब्ध कराई गई, जिसे पी.एम.आर. विभाग के डॉ. कमल कांत सेन को चाबियां देकर अलमारी अस्पताल में उपलब्ध कराई गई। उक्त परिसर में स्थित केंद्र द्वारा मेंटेन गार्डन का भी अवलोकन उपस्थित सदस्यों के द्वारा किया गया। 8 मई को स्वर्गीय श्रीमती तारा जैन ढाबरिया पत्नी वीर कुशालचंद जैन ढाबरिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर मूक बधिर विद्यालय वैशाली नगर अजमेर के बालक बालिकाओं के लिए विशेष भोजन प्रसादी कराई। उक्त अवसरों पर केंद्र सचिव वीर प्रभात चंद्र सेठी, वीर मनीष सकलेचा, वीर एस.के. अग्रवाल, वीर मनीष सकलेचा, वीर मनोहर गोपाल ईनाणी, वीर राजेंद्र शर्मा, वीर परमजीत कौर, वीरा बीना मोटवानी की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल युवा कुचामन सिटी केंद्र
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल युवा कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा ए.यू. बैंक के सौजन्य से इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के लिए आज अक्षय तृतीया के दिन कुचामन तहसील परिसर में 20 व शाकम्भरी माताजी मन्दिर रोड पर ज्ञानचन्द कुमार अर्पित पहाडिया परिवार के सौजन्य से 11 परिंडे लगा कर सार संभार की जिम्मेदारी ली। इस दौरान अतिरिक्त



परिंडे वितरण कार्यक्रम

जिला कलेक्टर राकेश कुमार गुप्ता, ए.यू. बैंक से क्लस्टर हेड बजरंग शर्मा, मैनेजर विशाल जैन के साथ कार्यालय से बलवीर जी, शिवराज सिंह जी, जितेंद्र राठौड़, एडवोकेट सुरेंद्र राठौड़, बैंक से नीरज सैन, प्रतीक गर्ग, देवेंद्र सिंह, नैतिक जैन एवं वीर केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, युवा केंद्र चेयरमैन वीर आनन्द सेठी, वीर सुभाष पहाडिया, वीर अजित पहाडिया, वीर सुरेश गंगवाल, वीर रतनलाल मेघवाल, वीरा करुणा गोयल वीर राहुल झांझरी, वीर शुभम काला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र, अजमेर
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र, अजमेर** द्वारा 29 अप्रैल को तेजा चौक आंगनबाड़ी में वीरा



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

सुशीला लोढा के आर्थिक सहयोग से यशोदा परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान किए गए। मूंग की दाल 250 ग्राम, मूंग का मोगर 250 ग्राम, दलिया 500 ग्राम, पोहा 500 ग्राम, चावल 1 किलो, सूजी 500 ग्राम, रोस्टेड चना 200 ग्राम, साबुत मूंग 250 ग्राम, बादाम 250 ग्राम, बिस्कुट पैकेट, आंवला कैंडी दी गई। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा कल्पना कांसवा, सचिव वीरा मिलन जैन एवं वीरा लक्ष्मी चोरड़िया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़** द्वारा बड़ू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 बेबी किट प्रदान किए गए। केंद्र द्वारा गर्मी को देखते हुए छोटे बच्चों को आइसक्रीम खिलाने का कार्यक्रम रखा। बच्चे आइसक्रीम



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

पाकर बड़े खुश हुए। व्यस्त एरिया गणेश डूंगरी गणेश जी के मंदिर परिसर में वीराओं ने शरबत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें लगभग 400 गिलास शरबत व 50 फ्रूटी पिलाई तथा सभी बच्चों को केले व चॉकलेट वितरित किए। इन अवसरों पर सचिव वीरा शांति मुणोत, वीरा रंजना सोनी, वीरा प्रियंका काबरा, वीरा मेघा देशपांडे, वीरा सुमन, वीरा सुंदर सोनी, वीरा अरुणा व्यास, वीरा ज्योति आदि वीरायें उपस्थित रही।

## भीलवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल पुर केंद्र
### जल मंदिर का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल पुर केंद्र** द्वारा 20 अप्रैल को बजरंगपुरा पुर में जल मंदिर का शुभारंभ



जल मंदिर का शुभारंभ




किया गया। 5 केन ठंडे जल की प्रति दिन रखी जायेगी। इस अवसर पर केंद्र संरक्षक वीर सुरेश चन्द्र सिंघवी, चेयरमैन वीर शांतिलाल लाल सिंघवी, रिटायर तहसीलदार वीर गोरधन लाल त्रिवेदी, रिटायर फौजी वीर कन्हैयालाल पाराशर, सचिव वीर श्रवण कुमार सैन, तेरापंथ सभा अध्यक्ष नेमीचंद सिंघवी, वीर रतन लाल सेठिया, वीर छोटू लाल सेठिया, वीर राजु सेठिया, श्री रफीक पठान, श्री कैलाश सुथार, श्री सत्यनारायण जोशी, श्री सुरज छीपा व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र भीलवाड़ा
### ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 24 अप्रैल (विशाल वैष्णव) तहसील



ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन

रायपुर के सामने राहगिरों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर अभिषेक मीणा, वीर कन्हैया लाल बोर्दिया, वीर रामकुमार सोमानी, समाजसेवी वीर विशाल वैष्णव रायपुर, वीर सुरेंद्र सिंह समरोता, वीर लिपिक बद्री लाल सुथार, वीर गजेंद्र सिंह केमूनिया, वीर श्यामलाल माली, वीर राजू सेन, वीर सुरेश सेन, एडवोकेट नोटरी पब्लिक वीर ओम प्रकाश जीनगर, वीर प्रलेखक किशन नाथ, वीर आदित्य शर्मा, वीर राजू नाथ उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा
### जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा विभिन्न तिथियों पर गांडरीखेड़ा माताजी के स्थान बस स्टैंड थला पर पाटियों का खेड़ा स्कूल फील्ड में एवं बागोलिया ग्राम



जीव दया कार्यक्रम

पाबूजी के स्थान पर गौमाताओं को 2221 किलो हरा रचका एवं 498 किलो हरी ज्वार खिलाया गया। उक्त कार्यक्रम जयमंतपुरी गाडरी खेड़ा माताजी के स्थान पर बस स्टैंड थला पर पाटियों का खेड़ा स्कूल फील्ड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 3 मई को प्यासे को पानी योजना के तहत ग्राम पाटियों का खेड़ा चारागाह भूमि पर नाडी के किनारे डलवाया गया।

### महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र भीलवाड़ा
### टेबल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 6 अप्रैल के तत्वावधान में आंगनबाड़ी स्कूल में बच्चों को पढ़ाई हेतु टेबल भेंट की। केंद्र चेयरपर्सन वीरा दीपा सिसोदिया ने बताया



टेबल वितरण कार्यक्रम

कि स्थानीय आजादनगर आंगनबाड़ी स्कूल में बच्चों की पढ़ाई हेतु स्टडी टेबल की जरूरत थी, कनक की सदस्याओं ने 10 टेबल भेंट कर सभी बच्चों को फल वितरित किए गए। 10 अप्रैल को केंद्र चेयरपर्सन वीरा दीपा सिसोदिया ने बताया कि स्थानीय पटेलनगर स्थित सेवाश्रम स्कूल में बच्चों को उनकी जरूरत के सामान रखने हेतु कनक की सदस्याओं ने 2 अलमारी भेंट की। कार्यक्रमों में सचिव वीरा सुमन दुगड़, उपाध्यक्ष वीरा अंजलि हिम्मत रामका, कोषाध्यक्ष वीरा रविता जैन, सहसचिव वीरा रजनी सिंघवी, वीरा विजया सुराणा, वीरा चंदा बाबेल, वीरा जिम्मी जैन, वीरा पूनम जैन सहित कई सदस्याएं उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
## जल मंदिर का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 6 मई को अस्थाई जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ हेमू कॉलोनी गार्डन बापूनगर में कन्वीनर




जल मंदिर का शुभारंभ

प्रेगनेंसी टु इन्फैंसी की डायरेक्टर वीरा विजया बम्ब के सानिध्य में किया गया। इस प्याऊ पर पानी की समुचित व्यवस्था संस्था की वीरा बहनों द्वारा की जाएगी। इसकी देख रेख का कार्य गार्डन के माली द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्र सचिव वीरा ललिता जैन, वीरा रेखा सुराणा, वीरा चंचल बुलिया, वीरा सरिता जैन, वीरा वीना अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा सदस्य वीरा पिंकी सोनी के पुत्र की स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, संरक्षक वीरा साधना भंडारी के मार्गदर्शन में दादा बाड़ी जैन मंदिर में कुर्सियां भेंट कीं। 4 मई को सूचना केंद्र चौराहा पर आयोजित समारोह में शहरवासियों को पक्षी सेवा के लिए नि:शुल्क 501 परिंडे वितरित किए गए। जीवदया योजना



परिंडे वितरण कार्यक्रम

के तहत परिंडे की रोज सफाई कर पानी भरने की शपथ दिलाई। नवकार महामंत्र के साथ परिंडा वितरण शुरू किया। 12 मई को संरक्षिका वीरा साधना भंडारी के सानिध्य में चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना के जन्मदिवस पर श्री मानव सेवा समिति भोजनालय, महात्मा गांधी परिसर के सामने (नि:शुल्क) गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को भोजनशाला समिति के प्रबंधक लक्ष्मण सिंह जी पोखरना के सानिध्य में भोजन करा कर मनाया। इन अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, केंद्र चेयरपर्सन वीरा दीपा सिसोदिया, कोषाध्यक्ष वीरा रविता जैन, हैप्पीनेस केंद्र चेयरपर्सन वीरा ममता शर्मा, जोन कॉर्डिनेटर वीरा पुष्पा मेहता, संरक्षिका वीरा साधना भंडारी, सह कोषाध्यक्ष वीरा सपना जैन, कार्यकारिणी सदस्य वीरा प्रीति सिंगावत, वीरा सुमता जैन, वीरा नीता जैन, वीरा पिंकी सोनी, वीरा वंदना पालीवाल, वीरा मोनिका खारीवाल, वीरा पूजा जैन, वीरा भावना जैन, वीरा सुरेखा सोनी, वीरा अनिता सिसोदिया, वीरा कल्पना पारख, वीरा अंजलि नागोरी, वीरा दीक्षिता जैन, वीरा रोनिका कोरानी, वीरा आर्या नागौरी आई वीरायें उपस्थित रही।

# बिजयनगर-ब्यावर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र
## जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र** की प्रेरणा से 24 अप्रैल को वीर सुनील कोठारी के माताजी श्रीमती कमलाकंवर कोठारी के पडपोती होने की खुशी के अवसर पर जीव दया सेवा कार्य के तहत मसूदा रोड स्थित गौशाला में संस्था सदस्यों एवं परिवार के सदस्यों के साथ पहुंच कर गायों को हरा चारा व कबूतरों को मक्की उपलब्ध करायी। केंद्र सचिव वीर ज्ञानचंद सेठिया एवं प्रकल्प संयोजक अक्षय कुमार जैन ने बताया कि संस्था सदस्यों के जन्म दिवस व अन्य शुभ अवसरों पर प्रेरित कर संस्था सदस्यों द्वारा गौशाला में सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इस मौके पर केंद्र चेयरमैन वीर दीपचंद कोठारी, सचिव वीर ज्ञानचंद सेठिया, प्रकल्प संयोजक वीर अक्षर कुमार जैन, वीर सुनील कोठारी, वीर रतनसिंह




जीव दया कार्यक्रम

मेहता, वीर एडवोकेट नीलेश बुरड, वीर हरीश कृपलानी, वीर सुनील लोढ़ा, वीर किशन हेडा आदि ने अपनी सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर** द्वारा





**जीव दया कार्यक्रम एवं नि:शुल्क नेचुरोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन**

मूक पक्षियों के लिए 300 परिंडा लगाने का लक्ष्य लेकर आज परिंडा वितरण का कार्य शुरू किया, साथ ही गौरेया एवं चिड़िया के लिए पूर्व जिला अधिकारी उत्सव जी कौशल की प्रेरणा से पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 200 चिड़िया घर बनाने का लक्ष्य रखा जिसकी वितरण शुरुआत की गई। 23 अप्रैल को स्वर्गीय श्री मिश्रीमल जी, श्री रतनलाल जी, श्री चांदमल जी बडोला की पुण्य स्मृति में बडोला परिवार द्वारा भयंकर गर्मी को देखते हुए आने जाने राहगीरी के लिए प्याऊ लगाकर शीतल जल की व्यवस्था की गयी। 29 अप्रैल को महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र पर एक विशाल नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग परामर्श शिविर आयोजित किया गया। वीर सुशील छाजेड़ के अनुसार इस शिविर में जोधपुर के प्रसिद्ध रीड की हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जी जिंदल द्वारा 25 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया। इस शिविर में डॉ. निशा खींचा एवं जिनेन्द्र खींचा द्वारा नि:शुल्क फिजियोथैरेपी की गई एवं मरीजों को सिखाई गई। 1 मई को भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर 10 स्टील प्याऊ लगाने का निर्णय किया गया उसी के तहत 3 प्याऊ भिन्न-भिन्न जगह पर लगा कर पानी की व्यवस्था भी कर दी गई। 7 प्याऊ का विधिवत उद्घाटन संबंधित भामाशाह द्वारा किया गया। 3 मई को आठवीं जल वाटिका वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल जी मेहता एवं अधिवक्ता संजय जी नाहर की प्रेरणा से कोर्ट परिसर में लगाई गई, जिसका विधिवत शुभारंभ जिला बार एसोसिएशन संस्था के अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह जी गौरा एवं सचिव श्री नरेंद्र जी शर्मा के द्वारा फीता काट कर किया गया। 10 मई को मुमुक्षु दौलतराज जी तातेड एवं ज्ञानचंद जी भंडारी की आगामी 14 मई को बिजयनगर में गृहस्थ जीवन त्याग कर संयम जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं उसी के अंतर्गत मुमुक्षु परिवार द्वारा वरघोड़ा निकाला गया उस वरघोडे में दोनों दीक्षार्थी मुमुक्षु का संस्था द्वारा माला, शॉल एवं साफा द्वारा स्वागत किया गया। वीर अशोक बाबेल की माताजी स्वर्गीय श्रीमती पारस कंवर जी धर्मपत्नी श्री जौहरीलाल जी की पुण्य स्मृति में बाबेल परिवार द्वारा गौशाला में गौमाता को एक टैम्पो चारा डाला गया। 15 मई को स्वर्गीय रंगलाल जी खींचा की स्मृति में प्रोफेसर डॉ. इंदरमल जी खींचा के सहयोग एवं विधातास होलेस्टिक्स हेल्थ सेंटर के द्वारा विशाल नि:शुल्क नेचुरोपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 19 मई तक जारी रहेगा। इस शिविर के प्रथम दिन करीबन 40 मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। इन अवसरों पर सरंक्षक वीर सुशील छाजेड़, चेयरमैन वीर सुरेश रांका, सचिव वीर आशीष डोसी, सहसचिव वीर संजय चोरड़िया, सहकोषाध्यक्ष वीर गणेश पीपाड़ा, सहकोषाध्यक्ष वीर दलपत राज बोहरा, वीर हेमचंद सिंघवी, वीर पवन तातेड, वीर सुनील संचेती, वीर अंकित कावड़िया, वीर अशोक बाबेल, वीर नरेश बंसल, वीर सुरेंद्र रांका, वीर समुंदर बडोला, वीरा कुसुम रांका, वीरा कंचन पीपाड़ा, वीरा नीलम चोरड़िया, वीरा अंजना बडोला, मीडिया प्रभारी वीर नन्द किशोर राठी, वीर प्रीतम सिंह तातेड, वीर बसंत बोहरा, वीर शैलेश खींचा, वीर नरेश बंसल, वीर अशोक बाबेल, वीर हेमचंद सिंघवी, वीर मुरली मनोहर जैन, वीर डॉ. सी.एल. परिहार, वीर सुनील सकलेचा सहित कई वीर सदस्यों की उपस्थिति रही।






## महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र** चेयरमैन वीर अशोक एवं वीरा कांता पालडेचा परिवार द्वारा गिरदावर गली एवं नया बास के अंदर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। वीर रूपेश कोठारी ने बताया कि राजस्थान में गर्मी का भीषण प्रकोप चल रहा हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र राहगीरों को गर्मी से राहत के लिए शीतल प्याऊ की स्थापना की गई। केंद्र द्वारा लाइफ सेविंग किट वितरण योजना का विमोचन ब्यावर जिला कलेक्टर महेंद्र जी खड्गावत के द्वारा किया गया। यह लाइफ सेविंग किट महावीर इंटरनेशनल विभिन्न शहरों एवं गांवो में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे केंद्रों के माध्यम से आमजन में वितरण करेगी। ब्यावर शहर में भी केंद्र द्वारा इन किट का वितरण



**शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ**

किया जाएगा। ब्यावर शहर में आमजन के गर्मी से बचाव हेतु केरी पानी का वितरण किया गया। सदस्य वीर रवि एवं वीरा संध्या बोहरा द्वारा उनकी पुत्री माही बोहरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अजमेर रोड़ स्थित वंदे गौ मातरम चेरिटेबल ट्रस्ट संचालित सर्वजीव हॉस्पिटल एवं गौशाला में संस्था द्वारा गौमाता और नंदी बाबा को लापसी का भोग का पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। उक्त कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा, वीर पंकज सकलेचा, वीर राजेश सुराणा, वीर पदम् बिनायकिया, वीर बाबुलाल आच्छा, वीर रवि बोहरा, वीर अभिषेक नाहटा, वीर प्रदीप मकाना, वीर अक्षय बिनायकिया, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी, वीर नरेन्द्र सुराणा, वीर मोहित कांठेड़, वीरा संध्या बोहरा, वीरा माही बोहरा, वीर अभिषेक नाहटा, वीर अशोक कोठारी, वीरा दीपशिखा सकलेचा, वीरा रूपा कोठारी, वीरा मंजू बाफना की उपस्थिति रही।

## चित्तौड़गढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र
### जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र** द्वारा 18 अप्रैल को चित्तौड़गढ़ बापूनगर ईस्ट सेती निवासी श्रीमती उत्सव कुमारी जी धर्मपत्नी ज्ञानचंद जी चोपड़ा के हृदयाघात से आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवारजन के आग्रह पर महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी वीर प्रकाश पोखरना, वीर राजकुमार खेरोदिया, वीर सुदर्शन रामपुरिया, वीर सी.एम. चंडालिया एवं वीर



जीव दया कार्यक्रम

अभय संजेती की उपस्थिति में नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान ने मनोज वैष्णव के सहयोग से सम्पन्न किया। स्वर्गीय श्रीमती सज्जन देवी जी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री सोहन लाल जी चोपड़ा के 28वें पुण्य स्मृति दिवस पर उनके सुपुत्र वीर रोशन चोपड़ा ने महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय को एक 265 लीटर क्षमता वाला कन्वर्टेबल फ्रिज भेंट किया। 10 अप्रैल को जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला के तहत स्वर्गीय श्री सोहन लाल जी डांगी की 15वीं पुण्यतिथि पर डांगी परिवार के सौजन्य से जीव दया के कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत पन्नाधाय पार्क, खातर महल, गांधी चौक कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने एवं गंभीरी नदी की मछलियों के लिए सूखे आहार की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। तत्पश्चात् सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजनशाला में 95 मरीजों के परिचारकों के लिए खाने का प्रबंध किया गया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर अभय संजेती, सचिव वीर सी.पी. जैन, कोषाध्यक्ष वीर पारस पोखरना, वीर बसन्ती लाल मेहता, वीर प्रकाश पोखरना, वीर अनिल पोखरना, वीर मदन तलेसरा, वीर प्रवीण बोहरा, वीर सुरेश कुमार, वीर चंद्र प्रकाश जैन व अन्य वीर सदस्यों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र
### बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र** द्वारा के विशेष अभियान वात्सल्य योजना के तहत 19 अप्रैल को जयचंद मोहिल चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने हेतु 50 बेबी किट वितरण किए गए। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय गर्ग, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. सत्यनारायण पाटीदार, डॉ. कुलदीप व कल्पना नकवाल, मीना के आतिथ्य में भेंट किए गए। साथ ही जोन डायरेक्टर वीर कांतिलाल दक, चेयरमैन वीर कैलाश गिरी गोस्वामी, सचिव वीर लोकेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष वीर



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

राजेंद्र जैन, वीर जसवंत कासमा, वीर श्यामगिरि गोस्वामी, वीर अरविंद नाहर उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल गंगरार केंद्र दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गंगरार केंद्र** द्वारा 24 अप्रैल को मुख्य संरक्षक व पूर्व पुलिस उप-अधीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय ने समता वाटिका में दंत चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्य अतिथि उपाध्याय ने विश्नोई डेन्टल केयर के डॉ. आर.आर. विश्नोई व टीम की सेवाओं को प्रेरणीय बताते हुए भविष्य में अतिशीघ्र ही एक और चिकित्सा शिविर लगाने की भी घोषणा की। केंद्र चेयरपर्सन वीर कोमल सिंह मोदी ने बताया कि विश्नोई डेन्टल केयर चित्तौड़गढ़ द्वारा शिविर में 106 मरीजों का दन्त स्वास्थ्य परीक्षण कर अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल डेंटल यूनिट में इलाज किया गया तथा नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। वहीं दूसरी ओर 12 दन्त मरीजों को चित्तौड़गढ़ सेन्टर के लिए भी रेफर किया गया। डॉ. विश्नोई ने इस अवसर पर दांतों को मजबूत व पूर्णतया निरोगी रखने के उपाय साथ ही सावधानियों पर चर्चा करते हुए गुटका एवं तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर जानकारी दी, साथ ही दांतों की विभिन्न बीमारियों व दर्द से बचाव के लिए आवश्यक रख रखाव की भी जानकारी देते हुए मरीजों को जागरूक भी किया। केंद्र सचिव वीर मधु सूदन शर्मा व कोषाध्यक्ष वीर सागर मल सुराणा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में डॉ. आर.आर. विश्नोई के साथ ही डॉ.

राजा, डॉ. संस्कृति, डॉ. नेहा व पारस मल सिरोया सहित 12 चिकित्सा टीम द्वारा सेवाएं दी गई। इस अवसर पर केंद्र उपाध्यक्ष वीर अशोक कुमार कोचिटा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष रमेश चंद्र काखानी, लोकतंत्र रक्षक स्वतंत्रता सेनानी अशोक कुमार पोरवाल, सत्यनारायण पोरवाल, रामप्रसाद चतुर्वेदी, हुकमीचंद लोढ़ा, शम्भू लाल सुराणा, हस्तीमल सुराणा, जैन समाज के युवा अध्यक्ष हितेश सुराणा, भगवान लाल बिलवाल, अनिल कुमार व्यास, सुनिल कुमार लोढ़ा, भगवान लाल सालवी, पारसमल बाफना, कपिल मोदी, महावीर लोढ़ा, रमेश चंद्र मोदी, भैरूलाल सालवी, चिराग काखानी लखन बांगड़, पवन कुमार खोईवाल, राहुल कुमार सोनी, कपिल शर्मा, राजेन्द्र कुमार खटीक, विनोद कुमार रुंगरेचा, सहित महावीर इंटरनेशनल के कई सदस्यों व पदाधिकारियों ने उपस्थित रह चिकित्सा शिविर में सहयोग किया।



दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

इससे पूर्व डॉ. आर.आर. विश्नोई व डॉक्टर टीम का समता वाटिका में पहुंचने पर मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, केंद्र चेयरमैन वीर कोमल सिंह मोदी, सचिव वीर मधुसूदन शर्मा, उपाध्यक्ष वीर अशोक कुमार कोचिटा व कोषाध्यक्ष वीर सागर मल सुराणा, वीर रमेश चंद्र मोदी, वीर कपिल मोदी, युवाध्यक्ष वीर हितेश सुराणा ने उपरना पहना स्वागत अभिनंदन किया।

## महावीर इंटरनेशनल पारसोली केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पारसोली केंद्र** द्वारा तेज गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए नि:शुल्क




परिंडे वितरण कार्यक्रम

50 परिंडे लगायें गए व वितरित किए गए। इस अवसर पर वीर गौतम कुमार पितलिया, वीर शैलेंद्र बोहरा, वीर विपुल पीतल, वीर दीपक पितलिया, वीर रमेश माली, वीर तरूण बोहरा उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़ जल मंदिर का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़** द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए 18 अप्रैल को नगर पालिका कॉलोनी बालाजी फर्नीचर के पास जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया ने जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, GCM वीर बसंती लाल मेहता का उपरना से स्वागत किया तत्पश्चात अतिथियों ने जल मंदिर का शुभारंभ किया। सचिव वीरा विनीता जैन ने बताया कि जल मंदिर का संचालन स्वर्गीय श्री मोती सिंह जी खमेसरा की पुण्य स्मृति में श्री प्रवीण जी एवं वीरा पायल खमेसरा की ओर से किया जा रहा हैं। 8 मई को कपासन चौराहे सैनिक स्कूल के पास जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। जल मंदिर का शुभारंभ वीरा रितु मनोज जी काला के सौजन्य से किया गया। पूर्व चेयरपर्सन वीरा विमला सेठिया ने वीरा रितु काला का उपरना से स्वागत एवं अभिनंदन किया। सचिव वीरा विनीता जैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हैं वीरा आशा नंदावत एवं वीरा मंजू सेठी ने कार्यक्रम में सहयोग किया। इन अवसरों पर वीरा कल्पना मेहता, वीरा अंजू कोठारी, वीरा दिलखुश मेहता, वीरा अनीता भड़कतिया, वीरा आशा पोखरना, वीरा हेमलता चतुर्वेदी, वीरा पायल खमेसरा, वीरा लता पोखरना, वीरा अंगुरबाला भड़कतिया,




जल मंदिर का शुभारंभ

वीरा नगीना मेहता, वीरा नीमा मेहता, वीरा सुरेखा मेहता एवं वीरा रेखा पोखरना उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र कन्यादान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र** द्वारा चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया ने बताया कि यह कन्यादान रीजनल सचिव वीरा सरोज ढ़ेलावत के निर्देशन में पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रमुख व्यवसायी बालचंद सोनी एवं रामकन्या देवी के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। वीरा खेरोदिया ने बताया कि शांतिलाल सीमा सेन की पुत्री निकिता सेन के कन्यादान के उपलक्ष्य में नगर के श्रीसंघों के अध्यक्ष रतनलाल पोरवाल, विजय मारू, अभय बोड़ाना, दिलीप पामेचा, कमल डागा, मंत्री गिरीश श्रीमाल, अभय नलवाया, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कन्हैया माहेश्वरी, भजन जिज्ञासु, सोनी परिवार के सदस्यों सहित माहेश्वरी महिला मंडल की सदस्याएं भी उपस्थित रही। इस बार कन्यादान के लाभार्थी वीरा अनीता श्याम सोनी रहे। आदर्श कॉलोनी में स्थित श्री राजेंद्र सुरी ज्ञान मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों



कन्यादान कार्यक्रम

का आभार केंद्र सचिव वीरा प्रियंका नाहर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वीरा कल्पना सिंघवी, वीरा सीमा पारख, वीरा मंजू काबरा, वीरा प्रियंका बोडाना, वीरा रानू चपलोत एवं वीरा ज्योति जैन आदि वीरायें उपस्थित रही।

# रीजन-4

## डूँगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा 23 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बढ़ते एकल प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग से पृथ्वी के नुकसान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एकल प्रयोग प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पृथ्वी को होने वाले नुकसान के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय भोगीलाल पंड्या पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम प्रसिद्ध पर्यावरणविद् श्री वीरेंद्र सिंह बेड़सा के मुख्य आतिथ्य एवं श्री अशोक शर्मा, भू.पू. उप-निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अध्यक्षता एवं संस्था के जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन ने बताया अपेक्स द्वारा पूरे देश में पर्यावरण संबंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अतिथियों को संस्था की गृह पत्रिका महावीर प्रवाह की प्रति भेंट की साथ ही जीवन रक्षक किट प्रदान किए गए। वीर विजय जैन ने उपस्थित समस्त बच्चों को एकल प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की शपथ दिलाई। इसके बाद विद्यालय के लगभग 200 बच्चों ने कतारबद्ध होकर प्लेकार्ड और बैनर के साथ रैली निकाली जो गांधी आश्रम क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होकर वापस विद्यालय पहुंची। 27 अप्रैल को कृष्णा शैलबी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सहयोग से दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर तथा निःशुल्क ओपीडी शिविर आज संपन्न हुआ। मल्टीस्पेशलिटी ओपीडी शिविर में कृष्णा शैलबी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राज लिंबानी, ज्वाइंट






जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन

रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. अक्षय पटेल, स्पाइन सर्जन डॉ. शिव बाली, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण सिब्बल एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. भार्गव प्रजापति ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में अस्थि रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट से संबंधित लगभग 42 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया, जबकि स्पाइन से संबंधित 22, हृदय रोग से संबंधित 29 एवं मस्तिष्क रोग से संबंधित 15 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया। इस प्रकार से कुल लाभान्वितों की संख्या 108 मरीजों की रही। साथ ही आज दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर में भी उदयपुर के भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। वीर विजय जैन ने बताया कि शिविर में 12 दिव्यांगों को सेवाएं प्रदान की गई। 3 दिव्यांग को जयपुर फुट प्रदान किया जबकि 3 दिव्यांग को कैलीपर, 1 दिव्यांग को सपोर्ट स्टीक प्रदान की गई, 3 दिव्यांग को कैलिपर्स के साथ ही 2 दिव्यांगों को निःशुल्क श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से श्रीमती भंवरी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 50 सकोरा का निःशुल्क वितरण किया गया। केंद्र द्वारा सुकून की छांव प्रोजेक्ट के अन्तर्गत भामाशाह जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन के सहयोग से तीन सब्जी विक्रेता महिलाओं को वितरण किया। कार्यक्रमों में वीरा केंद्र सचिव वीरा पुष्पक जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद दोसी, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, उपाध्यक्ष वीर रविंद्र जैन, सचिव वीर हेमंत बी जैन, कोषाध्यक्ष वीर अशोक दोसी, सह-सचिव वीर अविचल कोटड़िया, जोन कोषाध्यक्ष वीर नीरव जैन, पूर्व चेयरमैन वीर शरत सरैया, भू.पू. सचिव वीर राजेश डेंडू, वीर संजय गांधी, पूर्व सचिव वीर हर्षवर्धन जैन, वीर राजेश डेंडू, सदस्य वीर धर्मेश गांधी, वीर प्रकाश जैन, वीर केसु नागदा, वीर नितिन जैन उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल बडोदिया केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बडोदिया केंद्र** द्वारा विभिन्न स्थानों पर गर्मियों में पक्षियों को राहत देने के लिए 1100 सकोरे वितरित किए गए।



परिंडे वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र जींव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र एवं जीव दया परिवार नौगामा के सहयोग से** मोगला नगर एवं आसपास के गांव से मक्का एवं गेहूं की घास किसानों से प्राप्त कर दयोदय



**जीव दया कार्यक्रम**

गौशाला बागीदौरा को भेजी गयी। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में महावीर समवशरण परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं जैन पाठशाला के छात्रों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में इस भीषण गर्मी को देखते हुए आसमान में उड़ने वाले प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र संरक्षक वीर डॉ. अजीत गांधी, चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी, विधानाचार्य रमेशचंद्र गांधी, केंद्र सचिव वीर कैलाश पंचोरी, कोषाध्यक्ष वीर मोहनलाल पंचोरी, सुरभि मोटर्स के प्रोपराइटर और राजेंद्र गांधी, नसिया मंदिर के मैनेजर महेंद्र कुमार जैन, वीरा विमला पंचोरी, वीर जगजी कटारा, जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी, दिनेश चरपोटा, महेंद्र गांधी की उपस्थिति में जैन पाठशाला की छात्रों को एवं ग्रामीणों को परिंडे वितरित किए गए। वीर सुरेश चंद्र गांधी ने सभी को प्रतिदिन प्रात: एक लोटा पानी इन परिंडो में डालने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधानाचार्य रमेश चंद्र गांधी ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यो की जानकारी दी। चार्टर अकाउंटेंट सर्वज्ञ विनोद कुमार खाडू कॉलोनी द्वारा 500 परिंडे, कवि उत्सव गांधी की ओर से 101, पंचोरी सोनू कैलाश मोदी 201 अपनी ओर से वितरण करने हेतु राशि प्रदान की कार्यक्रम का संचालन मनीषा नानावटी द्वारा किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल सागवाड़ा केंद्र नुक्कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सागवाड़ा केंद्र** द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर आर ड्रीम्ज एकेडमी, सागवाड़ा के बैनर तले निदेशक अनिता जैन के निर्देशन में विद्यार्थियों ने सागवाड़ा नगर के गोल चौराहे पर नुक्कड नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी को पर्यावरण प्रदुषण से बचाने का संदेश दिया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न नारे जैसे पर्यावरण को स्वच्छ बनाना हैं। प्लास्टिक



**नुक्कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन**

को बंद करना हैं, अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं, आदि नारे लगाए। विद्यालय के छोटे बच्चों ने पृथ्वी का संरक्षण अधिक से अधिक पेड लगाने, पानी को बचाने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश दिया। जिसने मार्गदर्शन दीपाली सुथार का रहा एवं समस्त शिक्षक मीनाक्षी खटीक, कशिश सेवक, चेतना मेहता, करिश्मा सेवक, उन्नति सेवक, शिवानी सेवक मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा 11 अप्रैल को खाटू कॉलोनी सेक्टर-8 में एक पक्षी स्टैंड लगाया गया। 23 अप्रैल को महात्मा गांधी चिकित्सालय के जनाना वार्ड में 95 बेबी किट एवं 25 प्रसूता केयर किट वितरित किया गया। 29 अप्रैल को पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गयी। 14 मई को महिला सशक्तिकरण के पावन उद्देश्य को साकार करने हेतु मोहन कॉलोनी स्थित स्वर्गीय चिमनलाल मालोत सभागार में भव्य सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ "स्वावलंबन प्रकल्प" के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रामप्रकाश महाराज के पावन आशीर्वचनों से हुआ। उन्होंने कहा, "यदि बेटियों को उचित संसाधन व अवसर प्रदान किए जाए, तो वे न केवल परिवार का संबल बन सकती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं।" बाल महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप रोकड़िया ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा, "घर बैठे रोजगार का सशक्त साधन प्रदान करना नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय पहल हैं।" मुख्य अतिथि अनुराग सिंघवी तथा विशिष्ट अतिथि वीर केंद्र चेयरमैन वीर डॉ. महावीर जैन ने बेटियों को स्वाभिमान के साथ स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुबोध मालोत ने भी विचार प्रकट करते हुए इस पहल को "नारी गौरव और सामाजिक परिवर्तन का बीज" बताया।





**सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन**

केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में 111 बेटियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 19 जरूरतमंद बेटियों को नि:शुल्क सिलाई मशीनें भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया। इस अवसर पर दीपिका बुनकर, दीपिका दोसी, रूपली बुझ, कला निनामा सहित अनेक बेटियों को सिलाई मशीनें भेंट की गई। केंद्र की संरक्षक वीरा आशा मित्तल ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में केंद्र सचिव वीरा गीता चौधरी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीरा मंगला चौबीसा, वीरा उर्वशी व्यास, वीरा दर्शिका दोसी, वीरा हेमलता ओझा, वीरा अनिता रोकड़िया, वीरा सुधा तलवाडिया, वीरा ऋषि कन्या व्यास, वीरा कोनीका बुनकर, वीरा सारिका मालोत सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा 21 अप्रैल को हर वर्ष की भांति आर्थिक रूप से विपन्न परिवार की बालिकाओं के विवाह उत्सव पर "कन्यादान" कार्यक्रम का आयोजन रोग निदान केंद्र पर किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के निर्धनतम परिवारों की 8 कन्याओं के विवाह के अवसर पर भामाशाहों एंव केंद्र की सदस्याओं के सहयोग से कन्यादान की रस्म पूरी कर संबंधित परिवारों को संबल प्रदान किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी ने बताया कि विगत दिनों संस्था की जानकारी में लाया गया कि उक्त बालिकाओं के परिजनों के पास कन्यादान हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे में केंद्र की समस्त सदस्यों ने अपने-अपने सहयोग से इन बालिकाओं को कन्यादान में साड़ियां, बेडशीट, रसोई के बर्तन का सेट, श्रृंगार का सामान, चूड़ियां, गले के हार, मांग टीका, चांदी की बिछिया, नकद राशी इत्यादि प्रदान कर कन्यादान की रस्म को पूरा किया। 5 मई को वात्सल्य प्रोजेक्ट के तहत मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भामाशाह उषा गुप्ता माताजी वीरा हेमा गुप्ता के सौजन्य से नवजात शिशुओं के लिए 25 बेबी किट एंव माताओं के लिए 25 वस्त्रों को उपहार स्वरूप दिए गए। 7 मई को सुकून की छांव कार्यक्रम के तहत बढ़ती गर्मी में धूप से राहत देने के लिए सडक किनारे सब्जी बेचने वाली 4 महिलाओं



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

को कैनोपी छतरी नि:शुल्क प्रदान की गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी ने बताया कि छतरियां दादा करनानी के सौजन्य से प्रदान की गई। 13 मई को सडक किनारे सब्जी बेचने वाली 6 महिलाओं को कैनोपी छतरी नि:शुल्क प्रदान की गई। इस माह 10 कैनोपी छातों का नि:शुल्क वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रमों में गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर विनोद दोसी, वीर केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन, वीर नीरव जैन, वीर हर्षवर्धन जैन, वीर राजेश डेन्डू, वीर पद्मेश, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, सचिव वीरा पुष्पक जैन, उपाध्यक्ष वीरा कनकलता जैन, कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, वीरा रेखा गोठी, वीरा पूजा जैन, वीरा चंद्रकला वोरा, वीरा सुषमा जैन, वीरा हिरूषा शाह, वीरा ऋतु शाह, वीरा पिंकी अग्रवाल, वीरा ममता सरैया, वीरा श्वेता सरैया, वीरा दीपिका जैन, वीरा नीलम दोसी, वीरा ममता भट्ट, वीरा कोपल दोसी, वीरा जया कसारा, वीरा प्रतिक्षा शर्मा की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा केंद्र सागवाड़ा जन जाग्रति अभियान का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा केंद्र सागवाड़ा** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर "कपड़े की थैली



**जन जाग्रति अभियान का आयोजन**

मेरी सहेली", जन जाग्रति अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कपड़े की थैलियों का वितरण भी किया गया।

**वृक्ष लगाओ,**
**हरियाली लाओ।**



## राजसमंद संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र शीतल जल मंदिर का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र** द्वारा मेंहदूरिया चौराहा दरीबा पर हर वर्ष की भांति पर राहगीरों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रतिदिन आर.ओ. का शुद्ध शीतल जल उपलब्ध रहेगा। जल मंदिर को सुचारू रूप से चलाने हेतु व्यापार मंडल दरीबा एवं संस्था के सदस्यों का अर्थ सहयोग रहेगा। इस अवसर पर संस्था के संभागीय सचिव वीर निर्मल सिंघवी, डिप्टी डायरेक्टर वीर विजय सिंह सुराणा, चेयरमैन वीर प्रकाश सिन्याल, वीर आकाश वागरेचा, वीर विनोद सुराणा, वीर रतन चंडक, वीर रामस्वरूप ईनाणी, वीर रणजीत वागरेचा, वीर मिट्ठू लाल सुराणा, वीर गणेश बंसल, वीर पदम मेहता, वीर अंकित अग्रवाल, वीर ललित तोषनीवाल, वीर हजारी रैगर, वीर बद्री लाल सेन, वीर सागर सेन, वीर जंबू जैन, वीर रतन गाडरी, वीर पिंटू अग्रवाल, वीर लक्ष्मी नारायण तोषनीवाल, वीर किशन लाल, वीर मुकेश वैष्णव द्वारा विधिवत स्वस्तिक एवं उपस्थित ग्रामवासियों को तिलक कर गुड धनिया से मुंह मीठा कराया गया।

### महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र पोषाहार किट एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा 9 मई को वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय चिकित्सालय में लैबर रूम में नवजात शिशुओं को इन्फेक्शन से बचाव हेतु 25 बेबी किट डॉ.



**पोषाहार किट एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

प्रतिभा शाह व नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति में भेंट किए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत नियमित जांच करवाने आई 40 गर्भवती महिलाओं को गुड़, गोला एवं चने प्रदान करते हुए पौष्टिक आहार से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम में जोन चेयरमैन वीर संपत लाल लोढ़ा, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, डॉ. प्रतिभा शाह एवं नर्सिंग स्टॉफ ने सहयोग प्रदान किया।

### महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा केंद्र आमेट पर्यावरण बचाओ सेमिनार का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा केंद्र आमेट** द्वारा पर्यावरण बचाओ सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमेट कुंभलगढ़ विधायक



**पर्यावरण बचाओ सेमिनार का आयोजन**

सुरेंद्र सिंह जी राठौड़ तहसीलदार, डॉक्टर टीम, विद्यालय स्टॉफ, केंद्र के वीर साथी, वीरा केंद्र सदस्याएं आदि नगर के नागरिक उपस्थित रहे। डिप्टी डायरेक्टर पर्यावरण एवं अन्य सेवा वीर ज्ञानेश्वर मेहता ने दूषित होते पर्यावरण पर चर्चा करते हुए कपड़े की थैली मेरी सहेली पर विशेष संबोधन दिया एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने में सब के सहयोग की अपेक्षा जताई।

### महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र पोषाहार किट, बेबी किट एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र** द्वारा रेकिट और प्लान इंडिया द्वारा संचालित सेल्फ केयर फोर न्यू आम्स एण्ड किड्स अण्डर-5 कार्यक्रम के अन्तर्गत कमला नेहरू हॉस्पिटल कांकरोली में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपनिदेशक उदयपुर संभाग डॉ. प्रकाश चन्द शर्मा ने स्वास्थ्य की थीम पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता आर.सी.एच. ओ. डॉ. सुरेश मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र यादव एवं डॉ. भूपेश परतानी व डॉ. ममता प्रजापत ने भी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में अपने



**पोषाहार किट, बेबी किट एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

विचार व्यक्त किए। 150 गर्भवती महिलाएं जो आस-पास के गांवों से आई थी। उन सभी को रेकिट और प्लान इंडिया की संस्था की ओर से नाश्ता एवं 150 बेबी किट वितरित किए गए। 150 गुड गोले-चने, 50 बेबी किट व 100 सेनेटरी नैपकिन केंद्र की तरफ से वितरित किए गए। केंद्र एवं जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांतीय महिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में तारा संस्थान संचालित नि:शुल्क सचिन भाटिया नेत्र हॉस्पिटल का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सभी मां द्रौपदी आनंद वृद्धाश्रम में पहुंचे। वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठजनों से कुशलक्षेम पूछी गयी व उनको भोजन कराया गया। 9 मई को कमला नेहरू चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को 40 गुड़-गोला व चने दिए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भूपेश जी परतानी ने की। डॉ. ममता जी प्रजापत (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की अध्यक्षता में 50 बेबी किट वितरित किए गए एवं डॉ. ममता जी प्रजापत ने गर्भवती महिलाओं को नवजात बच्चें को सुरक्षित एवं गर्भवती माँ को अपनी देखभाल

कैसे करनी चाहिए एवं अच्छा आहार खाना व स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी। डॉ. अपराजिता ने महिलाओं को सफाई के बारे में विशेष जानकारी दी और हॉस्पिटल में मोनिका, विजन्ती सिस्टर आदि स्टॉफ मौजूद रहे। इन अवसरों पर एम.आई.एफ. वीरा तारा पगारिया, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया, सचिव वीरा मधु शोभावत, कोषाध्यक्ष वीरा पुष्पा मालु, सह सचिव वीरा टीना सियाल, वीरा आशा भदादा, वीरा मीना सोनी, वीरा वनिता बापना, वीरा हीरा गुर्जर की उपस्थिति रही।

## उदयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में आरएनटी कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 54 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी के दौरान 49 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 289 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेन्टर में 32 महिलाएं लाभान्वित हुई। 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जे.के. हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिशयन रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट स्पेशलिस्ट डॉ. आशीष सिंघल द्वारा वार्ता की गयी। विज्ञान समिति में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 212 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 212 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथैरेपी सेन्टर में 252 मरीज लाभान्वित हुए। इस जीएसजी सदस्य को 4 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। केंद्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर 1320 लोगों को खाना खिलाया गया। अपना घर साइफन चौराहा में कोठारी परिवार द्वारा 44 लोगों को, अंध विद्यालय उदयपुर में भंसाली परिवार द्वारा 65 एवं थियोसोफिकल सोसाइटी में भंसाली परिवार द्वारा 72 लोगों को खाना खिलाया गया। केंद्र द्वारा ऐश्वर्या रिसोर्ट में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 98 सदस्य उपस्थित हुए। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 130 पेटीकोट, 186 बाऊल, 202 कटोरी, 170 गिलास, 184 चम्मच, 56 पलाडी, 76 ड्रेस, 8 किग्रा सत्तू, 2 साडी, 51 ऊनी कम्बल, 200 बच्चों के स्वेटर 529 बिस्कुट्स उपलब्ध कराई गयी।





**बेबी किट वितरण एवं विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वार्ता का आयोजन**

### महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र** द्वारा रानी रोड़ स्थित आकार कॉलेज में सेवा गरिमा प्रोजेक्ट अभियान के तहत द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत 25 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए।



**सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

### महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी केंद्र उदयपुर पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता अभियान

**महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी केंद्र उदयपुर** द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर एकल उपयोग प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पृथ्वी को होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता अभियान के तहत फतहसागर की पाल से रैली निकाली गई। इसमें पर्यावरण की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, विकल्पों को अपनाने, धरती बचाने के लिए कपड़े की थैली का अधिकाधिक इस्तेमाल करने, कपड़े की थैली मेरी सहेली आदि संदेशों के 6.6 ध्वजों के साथ 10 अन्य पर्यावरण संरक्षण संदेशों की तख्तियों के साथ नारों की गूंज पाल पर छाई रही। रैली का मार्निंग वॉकर्स ने समर्थन किया। रैली के बाद भीषण गर्मी में परिंदों के दाना, पानी हेतु परिंडों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर करुण चंडालिया, सचिव वीर नरेन्द्र लोढ़ा, उपाध्यक्ष वीर ललित लोढ़ा, सह सचिव वीर करन कटारिया, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़, विश्वास जैन संभागीय सचिव, वीर नरेन्द्र धाकड़, वीर रमेश मेहता, वीर दिलीप कावड़िया सहित 65 पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता अभियान**

## महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र** द्वारा 24 अप्रैल को फील्ड क्लब में शाम की चाय के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 28 वीरा बहनों ने भाग लिया। इस मीटिंग का उद्देश्य सदस्यों में आपसी बॉन्डिंग को बढ़ाना, नेतृत्व करने की क्षमता को बढ़ावा देना और सदस्यों में उत्साह को बढ़ाना था। सभी ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस



परिंडे वितरण कार्यक्रम

कार्यक्रम का संचालन वीरा शिखा कावड़िया, वीरा सुधा भटनागर, वीरा ललिता बापना और वीरा मधु मेहता ने मिलकर किया। उन्होंने गेम्स और हाउजी खिलाई। कार्यक्रम के बाद वीरा कल्पना के बड़े भाईसाहब स्मृतिशेष श्रीमान धरमचंद जी साहब सुराना, वीरा कुसुम बोर्दिया की माताजी श्रीमती प्रेमकुमारी दलाल, पहलगांव में हुए हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई व 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही परिंडे वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें 50 परिंडों का वितरण किया गया। 5 मई को अम्बामाता स्थित सुंदर सिंह भंडारी सेटेलाईट हॉस्पीटल में 30 बेबी किट का वितरण किया गया।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा 3 मई को रानी बाजार में अपना घर सेवा आश्रम में विशिष्ट खाना (special Diet) के एक समय का योगदान किया गया एवं सेवा आश्रम में रह रहे सभी विशिष्ट जनों को वात्सल्य




भोजन वितरण कार्यक्रम

पूर्वक भोजन कराया गया। इस सेवा कार्य में केंद्र चेयरमैन वीर नरेंद्र सुराणा, वीर मेघराज बोथरा, वीर प्रवीण मित्तल, वीर धर्मचंद सुराणा, वीर संतोष जैन, वीर डॉ. जितेंद्र सिंह मेहता, वीरा शकुंतला सुराणा एवं वीरा रजनी सुराणा, वीर प्रतीक सुराणा ने सेवा कार्य में सहयोग किया। यह सेवा कार्य वीर धर्मचंद सुराणा, S E (retd) एवं उद्योगपतियों के परिवार की तरफ से प्रायोजित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र** द्वारा 3 मई को राजकीय चिकित्सालय में 100 बेबी किट पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा की उपस्थिति में नवजात शिशुओं हेतु भेंट की गई।



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 352 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए। 11 मई को राजस्थान नर्सेज एसोशियशन शाखा सूरतगढ़ एवं आर्ट ऑफ लिविंग सूरतगढ़ के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की पूर्व संध्या व मदर्स डे के उपलक्ष्य में राजकीय चिकित्सालय, सूरतगढ़ के ट्रॉमा सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के परियोजना निदेशक वीर शिशपाल शर्मा के अनुसार मैत्री ब्लड सेंटर, सूरतगढ़ के निदेशक सुनील योगी व डॉ. टी.एल. अरोड़ा की उपस्थिति में मोबाईल टीम द्वारा 109 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य



रद्दी एकत्रण कार्यक्रम

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश रिणवा, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के प्रभारी वीर डॉ. नीरज सुखीजा व युवा नेता संदीप कासनिया एवं सम्भागीय चेयरमैन वीर संजय बैद ने संयुक्त रूप से किया। सूरतगढ़ के विधायक डूंगर राम गेदर व नगर पालिका सूरतगढ़ के पूर्व अध्यक्ष परसराम भाटिया ने शिविर का अवलोकन किया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन व केंद्र द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन द्वारा रक्तवीर मेडल भी प्रदान किए गए। उप-कारागृह के जेलर नरेश शुक्ला के नेतृत्व में अनेक पुलिस कर्मियों ने भी देश के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया। 14 मई को

श्री हनुमान जी खेजड़ी मंदिर के पास स्थित श्री नंदिनी गौशाला और जमनानाथ गौशाला में गौवंश के लिए लगभग 30 क्विंटल घीया, पेठा, टमाटर आदि उपलब्ध कराए गए। इस कार्य में विशेष रूप से गौ सेवक लालचंद शर्मा सहित लक्ष्मण बिश्नोई, वीरेंद्र सिंह, भागदास, रणजीत सिंह मिस्त्री, रामप्रताप, राधा देवी आदि सेवादारों ने सहयोग किया। इन अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय चेयरमैन वीर संजय बैद, केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा, पूर्व चेयरमैन वीर नथुराम कलवासिया, संभागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा और सदस्य वीर रामपाल रोकना आदि वीर सदस्य उपस्थित रहे।

## जोधपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में सेवा गतिविधियों के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रोग निदान केंद्र में संचालित सभी प्रकार की चिकित्सीय जांच सेवायें केवल लागत मूल्य पर उपलब्ध करवाई गई जिसमें लैब टेस्टिंग 885 केस, सोनाग्राफी 269, ई.सी.जी. 27, डिजिटल एक्सरे 134 व जरूरतमंद व निर्धनों को नि:शुल्क सेवाएं भी दी गयी। वीर पारसमल परिहार द्वारा 24 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई जिसमें रु.5320 की राशि वहन



नि:शुल्क निसंतान जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

की गई। संस्था द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनों द्वारा 200 मरीजों को डॉ. हेमा परिहार द्वारा लागत मूल्य पर थैरेपी प्रदान की गई। 11 अप्रैल को स्पाइन सर्जन डॉ. नितिन गोयल द्वारा 9वां हड्डी रोग जांच एवं प्रमुख शिविर का आयोजन एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं जांच परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन भोग निदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में हड्डी रोग से संबंधित 28 मरीजों एवं आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. मुदिता सोलंकी द्वारा 20 मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। 12 अप्रैल को श्रीराम हॉस्पिटल जोधपुर द्वारा एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया डॉ. प्रदीप पवार द्वारा पथरी, मस्सा, पेट दर्द व अन्य बिमारियों से सम्बंधित 30 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। 16 अप्रैल को वसुंधरा आईवीएफ हॉस्पिटल जोधपुर द्वारा दूसरा नि:शुल्क निसंतान जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग निदान केंद्र में रखा गया निसंतान विशेषज्ञ डॉ. ज्योति आर्य व डॉ. महेंद्र सिंह द्वारा 20 से अधिक निसंतान दम्पतियों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया।

### महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा 18 अप्रैल को वीरा लीला लोहिया ने अपनी पोती की शादी की खुशी में अपना घर आश्रम में 225 प्रभुओं को खाना मिठाई के साथ खिलाया। वीरा नीलम मेहता द्वारा अपने जीवन साथी की मासिक पुण्यतिथि पर नारी अपना घर में 42 लोगों को एक समय का भोजन दिया गया। वीरा मंजू मेहता पटवा द्वारा बाल गृह शोभा आश्रम में 30 बच्चों को लंच और आइसक्रीम दी गई। वीरा लीला लोहिया द्वारा होम्योपैथिक संस्थान में रु.4000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वीरा शांता मेहता द्वारा उनके पिताजी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बाफना अस्पताल में 15 डायलिसिस करवाएं।



सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम

2 मई को वीरा लीला लोहिया द्वारा मोकलावास गौशाला में गौ वंश को हरी सब्जियां खिलाई गई। वीरा सुधा धारीवाल द्वारा श्री जगत कल्याण शिक्षण संस्थान में बच्चों को लिखने के लिए कॉपियां दी और बच्चों को एक समय का भोजन कराया। स्वावलंबन परियोजना के अंतर्गत संस्था उनके गौरवशाली स्वर्णजयंती वर्ष में वीणा बुटीक सिलाई केंद्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के इस स्वावलंबन प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिंगर द्वारा आयोजित परीक्षा को 13 महिलाओं ने सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया हैं। उन 13 महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इन अवसरों पर जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी, डिप्टी डायरेक्टर वीरा अलका भंडारी, चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन और वीरा माया भंसाली उपस्थित रही।

## नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग

### महावीर इंटरनेशनल वीआईपी अंचल केंद्र कोलकाता मेडिकल सेवा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीआईपी अंचल केंद्र कोलकाता** द्वारा 27 अप्रैल को आचार्य तुलसी डाइग्नोस्टिक सेन्टर, जेसोर रोड के सहयोग से कैनेल स्ट्रीट, शीतला मंदिर प्रांगण में एक मेडिकल सेवा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 35 व्यक्तियों ने लाभ लिया। केंद्र चेयरमैन वीर अनूप कुमार जैन, वीर अनिल जैन, वीर दिलीप चोरड़िया, वीर सुभाष लखोटीया, वीर अरुण अग्रवाल, वीर आलोक झुंझुनवाला उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य में वीर श्रेयांस दुगड़ का विशेष सहयोग रहा। वीर दिलीप

चोरड़िया ने उपस्थित सभी सहयोगी संस्था व शीतला मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया।

## महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र सिलीगुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र सिलीगुड़ी** द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल ही जीवन हैं के अंतर्गत तालमा में स्थित शारदा शिशु तीर्थ स्कुल में टंकी एवं पानी का फिल्टर लगाया गया। इसी के साथ स्कुल की जरूरत के हिसाब से वहां ऑफिस के लिए एक टेबल भी दिया गया एवं बच्चों के बैठने के लिए दरी पाटा स्कूल में करीब 160 बच्चों की संख्या हैं उनके दोपहर के खाने की व्यवस्था एवं बच्चों को बिस्कुट एवं चॉकलेट भी दिए गए। 19 अप्रैल को यूनिक फाउंडेशन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित मदद की अपील पर तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना के शिकार डाबग्राम फुलबाड़ी निवासी भाई बबलू मंडल की मदद हेतु हाथ बढ़ाया जिसके अंतर्गत जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ राशन की सहायता की गई और केंद्र कोषाध्यक्ष वीरा निशा जैन ने व्हीलचेयर की मदद प्रदान की। केंद्र सचिव वीरा सीमा सेठिया ने भाई बबलू मंडल के एक बेटे की पढ़ाई का जिम्मा लिया हैं। 4 मई को उत्तरबंग मारवाड़ी सेवा सदन में प्रथम स्थापना दिवस अत्यंत भव्यता और भावनात्मक उल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन, सेवा भावना और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम रहा। कार्यक्रम की पर्यावरण जागरूकता रैली से हुई, जिसमें वीरांगनाओं के साथ स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों व विभिन्न एंजियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस जागरूकता रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया गया। रैली के दौरान बच्चों में जूस व फूड पैकेट का वितरण



**प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

कर सेवा की भावना को साकार किया गया। महावीर इंटरनेशनल अति वीर क्लब की नवीन योजना का भव्य शुभारंभ अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन के नेतृत्व एवं निदेशक वीर संदीप डांगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को दो सशक्त चरणों में संपन्न किया गया। दूसरे चरण में प्रोग्राम शाम 5 बजे शुरु हुआ जिसमें एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, नाटक, डॉक्यूमेंट्री और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बीके डांस अकादमी द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने "मानव सेवा ही सच्ची सेवा" का सशक्त संदेश मंच पर जीवंत किया। 13 मई को रोटरी क्लब ऑफ सिलीगुड़ी के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं खाद्य वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। साथ ही, जरूरतमंदों के बीच 500 प्लेट मैगी का वितरण कर उन्हें खाद्य सहायता प्रदान की गई। यह आयोजन सिलीगुड़ी के सागर पेट्रोल पंप (पीसी मित्तल बस स्टैंड के सामने) पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इन विभिन्न अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर ओमप्रकाश अग्रवाल, रीजनल सेक्रेटरी वीर रमेश बैद, वीर केंद्र चेयरमैन बजरंग सेठीया, वीर संजय नहाटा, वीर जुगराज चिंडालिया, वीर बजरंग छोरड़िया, वीर मनोज अग्रवाल (सागर पेट्रोल पंप के मालिक), प्रोजेक्ट चेयरपर्सन वीरा निशा जैन, केंद्र चेयरपर्सन वीरा पुष्पा चिंडालिया, सचिव वीरा सीमा सेठिया, उपाध्यक्षा वीरा जूली सिरोहिया, उपाध्यक्षा वीरा लीला देवी बैद, प्रचार प्रसार मंत्री वीरा सुनीता जममड आदि सदस्य उपस्थित रहे।




## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र विश्व पृथ्वी दिवस पर जन जागृति अभियान का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा "विश्व पृथ्वी दिवस" पर जन जागृति अभियान में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम बांठिया ने प्रकृति की सुरक्षा में ही हम सब की सुरक्षा, प्राणी मात्र की सुरक्षा बताते हुए पर्यावरण शुद्धि, जीवन की समृद्धि की बात कही। श्री वर्धमान आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम बांठिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कपड़े की थैली अपनाने एवं पर्यावरण के संदर्भ में जानकारी देते हुए अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, महासचिव वीर अशोक गोयल, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर रवींद्र जैन के नेतृत्व में जन जागृति



**विश्व पृथ्वी दिवस पर जन जागृति अभियान का आयोजन**

अभियान की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण की, प्रकृति की सुरक्षा में हमें विशेष ध्यान रखना होगा तभी सभी का जीवन, मानव ही नहीं प्राणीमात्र सुरक्षित रह सकेंगे। हमें धरती माता का उपकार कभी नहीं भूलना चाहिए माता-पिता गुरुजनों की तरह सदैव प्रातः धरती मां को भी नमन करना चाहिए तथा स्वच्छ भारत सुंदर भारत के लिए एवं कपड़े की थैली उपयोग मे लेने की बात कही। जिसका विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पूनमचंद सुथार ने भारत माता के गौरव की बात करते हुए भारत के प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया कि वह पर्यावरण के लिए अपनी कर्तव्य का पालन करते हुए वृक्षारोपण करें, गंदगी ना करें एवं स्वच्छ भारत के अभियान में योगदान दें। नगर परिषद पूर्व सभापति पारसमल भंडारी ने प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत के अभियान के साथ ही महावीर इंटरनेशनल के पर्यावरण शुद्धि अभियान में विशेष कार्य करने का सभी से अनुरोध किया। केंद्र चेयरमैन वीर धर्मेश चोपड़ा ने सब्जी लाते समय एवं घरेलू सामान खरीदते समय प्लास्टिक या पॉलीथीन का उपयोग न कर कपड़े की थैली का उपयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर्यावरण उपनिदेशक जवाहरलाल हुंडिया के सौजन्य से विद्यालय के स्टॉफ में कपड़े की थैली वितरित की गई। कार्यक्रम में रीजन सचिव वीर महेंद्र चोपड़ा, जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, संगठन मंत्री वीर हीरालाल प्रजापति, वीर अशोक चोपड़ा, वीर गौतम दांती, वर्धमान आदर्श विद्या मंदिर समिति के उपाध्यक्ष पृथ्वीराज गोठी, शांतिलाल अन्याव, लूणचंद छाजेड़, ललित श्रीश्रीमाल एवं विद्यालय स्टॉफ के साथ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# जालोर-सिरोही संभाग

## महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर-शिवगंज केंद्र
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर-शिवगंज केंद्र** द्वारा कार्यकारिणी चुनाव 19 अप्रैल को सौहार्द और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सर्वसम्मति से वीर पंकज घोड़ावत को संस्था का चेयरमैन, वीर मुकेश परमार को सचिव और वीर सुरेंद्र अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसी क्रम में वीरा लेपर्ड केंद्र के चुनाव भी पूर्ण रूप से निर्विरोध सम्पन्न हुए। इसमें वीरा शालू गोयल को चेयरपर्सन, वीरा शोभा को सचिव तथा वीरा स्वाति अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। जोन चेयरमैन वीर अनिल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। 22 अप्रैल को केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल वीरा लेपर्ड केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय विद्यालय, जाखानगर के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पक्षियों के लिए परिंडे (पानी के पात्र) भी लगाए गए तथा परिसर में भी पौधे रोपे गए। केंद्र सचिव वीर सीए मुकेश परमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी का संतुलन बनाए रखना तथा पशु-पक्षियों के लिए जल एवं छाया की उचित व्यवस्था करना हैं। कार्यक्रम में राजकीय विद्यालय जाखनगर के प्रधानाचार्य पवन जी ने



**परिंडे वितरण कार्यक्रम**

भी शिरकत की और पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना की। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने पृथ्वी की रक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्रकृति के प्रति लोगों को जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों में जोन चेयरमैन वीर अनिल जैन, चेयरमैन वीर सीए पंकज जैन, कोषाध्यक्ष वीर सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव वीर सीए मुकेश परमार, वीर माधवदत्त दवे, वीर सीए कुलदीप शर्मा, वीर सीए आशीष बोहरा, वीर वरुण गोयल, वीर महावीर सिंह, वीर रजत झावर, वीर दीपक गोयल, वीर सीए यश सुराणा, वीर सीए चेतन अरोड़ा के साथ-साथ वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा शालू गोयल, सचिव वीरा सोभा माली, कोषाध्यक्ष वीरा स्वाति अग्रवाल, वीरा पुष्पा भाटी, वीरा निक्षिता दवे, वीरा संगीता जैन, वीरा रिंकी अरोड़ा और वीरा दीप्ति सुराणा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


## महावीर इंटरनेशनल सुदर्शना वीरा केंद्र आबूरोड
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुदर्शना वीरा केंद्र आबूरोड** द्वारा 13 मई को राजकिय चिकित्सालय में 50 बेबी किट वितरित किए गए। जिसमें



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजुला सिंगल, सचिव वीरा अलका कोठारी व कोषाध्यक्ष वीरा हेमा उपस्थित रहे व वीरा डिम्पलजं कोठारी उपस्थित रहे।



## रीजन-7

### इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा 20 अप्रैल को वीर अनिल लोढा के आगमन के अवसर पर संचालित भोजनशाला में भोजन परोसा गया। केंद्र द्वारा उज्जैन में प्रतिवर्ष बैसाख मास में पांच दिवसीय 118 किलोमीटर की पैदल यात्रा होती हैं जिसमें 84 महादेव के दर्शन व क्षिप्रा नदी पर स्नान के साथ यात्रा का समापन होता हैं। इस यात्रा में प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख श्रद्धालु भाग लेते हैं। वीर



भोजन वितरण कार्यक्रम

कैलाशजी तोतला एवं परिवार के सौजन्य से हजारों यात्रियों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। अनेक सदस्यों ने भोजन वितरण में सुबह 9 बजे से सांयकाल तक अलग-अलग समय पर पहुंच कर परोसगारी की। 27 अप्रैल को सरकारी चरक अस्पताल उज्जैन में निर्धन परिवार के जन्में बच्चों को इंफेक्शन से बचाव हेतु 538वां सप्ताह बेबी किट का वितरण मास्टर मानस अमितजी जैन (दोसी) हैदराबाद नि:शुल्क किया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर सुनील जैन दोसी, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भण्डारी, रीजनल सेक्रेटरी वीर राजेन्द्र हिंगड़, पूर्व केंद्र चेयरमैन वीर श्रेणीक लुणावत, केंद्र उपाध्यक्ष वीर मनोहर सिंह मेहता, सचिव वीर प्रमोद कोठारी, वीर कैलाश, वीरा कृष्णा तोतला एवं परिवारजनों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र स्थायी प्याऊ (वाटर कूलर) का उद्घाटन

**महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र** द्वारा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर



स्थायी प्याऊ ( वाटर कूलर ) का उद्घाटन

श्री क्लॉथ मार्केट अस्पताल, इंदौर में 150 लीटर का स्थायी प्याऊ (वाटर कूलर) स्थापित करके और दान करके मानवता की सेवा के अपने मिशन में एक और सार्थक कदम उठाया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले 300 से अधिक वंचित लोगों को स्वच्छ, ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना हैं, जहां उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता हैं, वहां उन्हें आराम और देखभाल प्रदान करना हैं। हम अस्पताल प्रबंधन, हमारे समर्थकों और स्वयंसेवकों के आभारी हैं जिन्होंने इसे संभव बनाया।

## रीजन-8

### सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मेट्रोसिटी औरंगाबाद केंद्र संभाजीनगर रद्दी एकत्रण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मेट्रोसिटी औरंगाबाद केंद्र संभाजीनगर** द्वारा रद्दी को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 925 किलो रद्दी एकत्रित की गयी।



रद्दी एकत्रण कार्यक्रम

### गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र छाछ वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र** द्वारा 27 अप्रैल को सूरत के न्यू सिविल हॉस्पिटल परिसर में 1000 थैली छाछ वितरण किया गया। इस सुअवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर अनिल बरड़िया, सेक्रेटरी वीर हस्तीमल बांठिया, संस्थापक वीर डॉ. रोशन बापना, पूर्व चेयरमैन वीर शान्तिलाल डांगी, युथ डेवलपमेंट इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर संदीप डांगी आदि वीर-वीरायें मौजूद रहे।





छाछ वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र** द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में गौशाला में



जीव दया कार्यक्रम

गौमाताओं के लिए फ्रूट वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस सेवा एवं पुण्य के कार्य में सभी युवा साथियों का अच्छा सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन केंद्र सूरत परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन केंद्र सूरत** द्वारा प्रचंड गर्मी में बेजुबान, अबोल पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए परिंडा अभियान चलाया गया जिसके तहत प्रमुख



परिंडे वितरण कार्यक्रम

अरण्य सोसाइटी के पास smc ग्राउंड के बाहर एवं केंद्र के पास कबूतर सर्कल पर करीबन 170 से 200 परिंडा वितरित किए और लगाए। केंद्र चेयरमैन वीर गणपत भंसाली ने बताया कि इस अभियान में सभी सदस्यों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में कई भामाशाओं का सहयोग भी रहा और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र** द्वारा 20 अप्रैल को वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन



वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र सूरत अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र सूरत** द्वारा 11 मई को मातृत्व की ममता और सेवा भाव की गरिमा को समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन "आसरा वृद्धाश्रम" में किया गया। इस विशेष दिवस पर वृद्धाश्रम में रह रहे माता-पिता स्वरूप वरिष्ठजनों के साथ समय बिताकर उन्हें आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वृद्ध माताओं एवं पिताओं के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें भाग लेकर उन्होंने खुशी-खुशी अपने बचपन की यादें ताजा की। साथ ही सभी को विशेष नाश्ता, उपहार स्वरूप साड़ियां और आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, जिससे उनके चेहरों पर आत्मीय मुस्कान खिल उठी। मातृत्व के सम्मान




अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

में राष्ट्रभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों एवं धरती माता के प्रति कृतज्ञता अर्पण के माध्यम से कार्यक्रम को एक गहन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वरूप मिला। इस अवसर पर केंद्र ने वृद्धाश्रम के संचालक श्री सागरभाई का विशेष रूप से अभिनंदन कर उनके सेवाभाव को नमन किया। साथ ही युद्धकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए वृद्धाश्रम हेतु आवश्यक सामग्री भी भेंट की गई। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों ने इस भावनात्मक पहल की सराहना की और इसे मातृत्व दिवस की सच्ची भावना का जीवंत उदाहरण बताया। राष्ट्रीय गान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में वीरा सुमन जैन एवं वीरा फाल्गुनी शाह के संयोजन में आयोजन को अद्‌भुत स्वरूप मिला। आयोजन में केंद्र चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, कोषाध्यक्षा वीरा आरती सोनावत, वीरा रीना विकास जैन, वीरा लता घीवाला, वीरा नीलम डागा सहित टीम के अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# मुंबई संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र मेडिकल कैम्प का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा 6 अप्रैल को सेठ चिमनलाल नाथूराम हाई स्कूल, सांताक्रूज में एक मेडिकल कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में वीर घनश्यामनाथ मोदी, वीर राजेंद्र सिंघवी, वीर बसंतप्रभा सिंघवी, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष





मेडिकल कैम्प का आयोजन

वीर अनिल जैन, वीर विजय सिंह बापना, वीर सुरेश बापना, वीर नवरतन पारख, वीर पारसमल गोलेचा, वीर रिकबचंद बोथरा, वीर प्रवीण बच्छावत, वीर मनीष जैन, वीर रोशनलाल पगारिया उपस्थित रहे। यह शिविर वीर प्रवीण बचवत, वीरा सुमन बछवत, मोहित और राशि बछवत द्वारा प्रायोजित किया गया। शिविर में आंखों की जांच: 89, मोतियाबिंद ऑपरेशन परामर्श: 32, मधुमेह, रक्तचाप और ऑक्सीजन स्तर की जांच: 110, ईसीजी जांच: 20, श्रवण यंत्र जांच और नि:शुल्क मशीन वितरण: 12, अस्थमा जांच: 5, एक्यूप्रेशर उपचार: 22, हड्डी घनत्व जांच: 22, कुल लाभान्वित मरीज: 312 एवं दवाईयां वितरित की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र जूते, भोजन थाली, टी शर्ट, स्कूल बैग और साइकिल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र** द्वारा मुरबाद जिले के शेलारी गांव में आदिवासी गांव की 40 महिलाओं को जूते वितरित किए। सभी परिवारों को भोजन थाली, टी शर्ट और स्कूल बैग भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों को साइकिल वितरित करना था। गांव के बच्चें स्कूल जाने के लिए 2.5 किमी पैदल चलते थे। अब ये साइकिलें उनकी शिक्षा में भी मदद करेंगी।



जूते, भोजन थाली, टी शर्ट, स्कूल बैग और साइकिल वितरण कार्यक्रम

# रीजन-9

## छत्तीसगढ संभाग

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र जयपुर फुट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र** द्वारा वीरा लीला श्रीश्रीमाल द्वारा 6 मई को 13 जोड़ी जयपुर फुट वितरण किए गए। नाश्ते की व्यवस्था वीरा शुभदा पगिला द्वारा की गई। यह कार्यक्रम वीरा भावना गीत से शुरू हुआ। गवर्निंग काउंसिलिंग सदस्य वीरा देवी चंदजी श्रीश्रीमाल, विनय मित्र मंडल के खमराजी बैद, वीरा लीला श्रीश्रीमाल, वीरा उर्मिला बरलोटा, वीरा शुभदा पुगिला उपस्थित रहे।




जयपुर फुट वितरण कार्यक्रम

## महाकौशल संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र नेत्र शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र** द्वारा बैहर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 22 मोतियाबिंद मरीज आपरेशन के लिए चिह्नित किए गए। दवा, चश्में भी वितरित किए गए। शिविर के प्रायोजक साईं बजाज के संचालक वीर राकेश सचान, उनके पुत्र-पुत्री, शिविर प्रभारी राजेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।



नेत्र शिविर का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र नि:शुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र** द्वारा 15 अप्रैल को संपन्न नेत्र शिविर लामता से 8 मोतियाबिंद के मरीज को ऑपरेशन हेतु देवजी नेत्रालय भेजा गया। सेन्टर द्वारा प्रत्येक माह में 3 शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र नि:शुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को इस तपती गर्मी में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की गयी और क्षेत्र में लोगों को



**नि:शुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन**

इस सेवा कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों से निवेदन किया। 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक लांजी, भानेगांव, बहेला, साडरा, घोटी, बोलेगांव, कुम्हारिकला, कान्द्रीकला में नि:शुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया।

# रीजन-10

## तमिलनाडू-केरला संभाग

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा स्वर्गीय श्री लिलमचंद जी चोरड़िया के आशीर्वाद से प्रेरणा व रितिका के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में नीलकमल मोटर्स 9/4 जे.पी. कोईल स्ट्रीट एम.सी. रोड चेन्नई 600021 के सहयोग सें एस.वी.एस. जैन संघ (जैन भवन) 2 एन.एन. गार्डन 7वां गली चेन्नई 600021 के प्रांगण में 13 अप्रैल को नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 91 मरीजों की आंखों की जांच की गई



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

जिसमें से 11 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 36 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 31 लोगों का रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई। जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र, कमर पट्टा, सर्वाइकल कालर, घुटने के मौजें, आयुर्वेदिक पेनबाम दिए गए। 26 लोगों को आंखों की ड्रॉप्स दी गयी। 18 अप्रैल को सखी संगम महिला (वुमेन्स) विंग के सहयोग से यंगस्टर रोलर स्केट 52 ये. पी. रोड चेन्नई 600012 के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 51 मरीजों की आंखों की जांच की जिसमें से 01 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 26 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 31 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई। जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र, कमर पट्टा, सर्वाइकल कालर, घुटने के मौजें, आयुर्वेदिक पेनबाम दिए गए। इन अवसरों पर वीरा इंदिरा-निरंजन सोलंकी, वीर हीरालाल कोठारी, वीर ललित रांका, वीर विजयराज कोठारी, वीर पंकज चोरड़िया, वीर प्रविण छाजेड, वीर आनंदआर्या, वीर घेवरचंद नामदेव, वीर कमलेश मुनोत, वीरा डिंपल निवेतिया, वीर सूरज नामदेव का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 1023 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 112 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 499 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 324 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 100 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 22 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। 14 मई को स्वर्गीय श्री मोहनलालजी भंसाली की 41वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में श्री हंसमुख जी, पंकज जी, किरिक जी भंसाली परिवार के सहयोग से पिंजरापोल गौशाला ओटेरी में गौमाताओं को पालक व हरी घास वितरण किया गया। 13 मई





**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन एवं जीव दया कार्यक्रम**

को संचालित महावीर आई केयर सेंटर, पट्टालम में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक- पर्यावरण संरक्षण वीर रवींद्र कुमार जैन पधारें। केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी ने सभी का स्वागत किया। सचिव वीर दिलीप मेहता ने अंगवस्त्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर वीर रविन्द्र जी ने चश्मा वितरण भी किया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, सचिव वीर दिलीप मेहता, गौशाला कार्यक्रम प्रभारी

वीर ज्ञानचंद चोरड़िया, वीर पंकज भंसाली, वीरा पूनमचंद मांडोत, वीर राजेन्द्र खारीवाल, वीर नरेश खीचा, वीर माणकचंद रांका, वीर शांतिलाल देसरला, वीरा प्रज्ञा मांडोत, वीर भावेश डुंगरवाल, वीर मोहनलाल बांकिया, वीर रंजीतमल मरलेचा, वीर मंगलचंद रूनवाल, वीर प्रवीणकुमार छाजेड, वीर एन. प्रसनचंद आदि वीर सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन केंद्र
## वार्षिक आम सभा का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन केंद्र** की वार्षिक आम सभा AK इंटरनेशनल होटल में सम्पन्न हुई।




**वार्षिक आम सभा का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा श्रीमान शा रतनलाल जी बरलोटा परिवार चेंगलपेट एवं श्रीमान शा धर्मीचंदजी आचा परिवार चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थित जैन भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 240 मरीजों की आंखों की जांच की जिनमें से 65 जनों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी नि:शुल्क सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही 151 मरीजों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे 132 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई। 40 लोगों को आंखों की दवाई वितरित की गई।



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

शिविरों में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदमचंद सिंघवी, वीर विमलचंद सिंघवी, वीर निर्मल गड़वानी, वीर मोहनलाल गड़वानी, वीर जितेन्द्र मकना, वीर बालू कुमार, वीर केसाराम सीरवी, वीर जितेन्द्र कुमार, वीर सुरेश कुमार, वीर दिलीप जैन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा 13 अप्रैल को शेड ऑफ केयर प्रोजेक्ट के तहत लकडीकापुल सिकंदराबाद में सड़क किनारे विक्रेताओं और श्रमिकों के साथ जूस, स्नैक्स और कैप वितरित किए। केंद्र द्वारा विभिन्न तिथियों पर गांधी अस्पताल एवं कोठी जैन मंदिर में श्रेया कोठारी, गौरव नाहटा एवं वीरा रमा काबरा के सहयोग से 549 लोगों को भोजन परोसा गया। केंद्र द्वारा ये 100वां आहार उपकार



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

मनाया। इस विशेष अवसर को चिह्नित करने के लिए मार्गदर्शक और संरक्षक-सदस्यता और निदेशक वीरा सीमा शील कुमार जैन और जोन चेयरमैन वीर विनय जांगड़ा की उपस्थिति रही। यह आहार उपकार 3 दिसंबर 2023 को विनय जी और रूपाली जी के साथ पहले दानकर्ता के रूप में अपना आहार उपकार शुरू किया था। इन विभिन्न अवसरों पर प्रोजेक्ट संयोजक वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराना, चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा पूजा पितलिया, संयुक्त सचिव वीरा प्रेरणा जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र** द्वारा दानकर्ता अशोकजी, मितेशजी और हितेशजी सुराणा द्वारा अमावस्या के अवसर पर सिटी मार्केट में अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया। 350 व्यक्तियों को प्रसाद के रूप में भोजन परोसा गया। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा भारती छाजेड ने समुदाय की बेहतरी के लिए इस नेक पहल




**भोजन वितरण कार्यक्रम**

को अंजाम देने में उनके समर्पण और अथक प्रयासों के लिए सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख सदस्यों ने भी भाग लिया जिनमें वरिष्ठ सलाहकार वीर रमेश डाक, संयुक्त सचिव वीर आशीष बाफना, वीर आशिक पिरगल, वीर पदम बुराट, वीरा दिव्या पिरगल जैसे अन्य सदस्य शामिल हुए।

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा कोटी में 80वां भूख मिटाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया। यह 1-4-2023 से 80वां



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

भूख मिटाओ कार्यक्रम था, जिसमें कुल 13000 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया और परियोजना की लागत लगभग रु.400000/- रही। 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। केंद्र द्वारा एक प्रभावशाली नो प्लास्टिक रैली का आयोजन किया और इंदिरा पार्क में मेरी सहेली के सौजन्य से लगभग 500 कपड़े की थैलियां वितरित कीं। केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती ने दर्शकों को हमारे संगठन और धरती माता की रक्षा के महत्व के बारे में बताया। सचिव वीरा अर्चना नाहटा ने पार्क जाने वालों के बीच धरती माता की सेवा में योगदान देने के सरल लेकिन प्रभावी तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाई। 1 मई को लड़कियों के लिए संहिता अनाथालय द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के लिए हाथ के नैपकिन, मिठाइयां एवं बड़े पानी के डिब्बे आदि की सहायता प्रदान की गयी। 13 अप्रैल को लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्थायी प्रोजेक्ट एमआई-एचवाईडी अलेर विजन सेंटर, श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ धर्मशाला में 17वां निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच: 35, मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज: 02, स्पेक्स वितरण: 20 एवं निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। सभी मरीजों का मोतियाबिंद सर्जरी, दवाएं, आई ड्रॉप और भोजन सेवाओं का ख्याल LCHSEH द्वारा रखा जाएगा। टीम के सभी सदस्यों को दोपहर का भोजन परोसा गया। जुलाई 2023 के महीने से अब तक कुल 17 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 963 जरूरतमंद मरीजों की सेवा की गई, 113 मोतियाबिंद सर्जरी रोगियों, निःशुल्क चश्में वितरण और कुल परियोजना लागत लगभग रु.2,66,000/- रही। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीरा अर्चना नाहटा, वीर शील कुमार जैन, वीर अजय नाहटा, परियोजना संयोजक वीर बसंत बाफना, पीसी वीर प्रीतेश बोहरा, वीर साधना सिसोदिया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र** द्वारा 28 अप्रैल को गुरु गौतम चेरिटेबल ट्रस्ट में 30 लाख की अल्ट्रासाउंड मशीन सफलतापूर्वक स्थापित की, साथ ही 15 लाख की एक्स-रे मशीन दान की, जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए वीर राजकुमार जी सुराना, जोन चेयरमैन वीर विनय जांगड़ा और अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों को आभार दिया गया। अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए 11 लाख रुपए प्रायोजित करने के लिए श्री संजय जी जालान का विशेष आभार दिया गया। उद्घाटन समारोह में 60-70 से अधिक उड़ान सदस्य शामिल हुए। समारोह के बाद नाश्ते का आयोजन किया गया। 12 मई को केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मातृ दिवस के अवसर पर सरकारी अस्पताल, किंग कोटि में जन्म देने वाली 50 से अधिक माताओं को मातृ और शिशु पोषण देखभाल आवश्यक किट वितरित की गई। मातृ और शिशु पोषण देखभाल आवश्यक किट को महत्वपूर्ण प्रसवोत्तर अवधि के दौरान माँ और शिशु दोनों को पौष्टिक भोजन (बादाम, गुड़ आदि) और आवश्यक चीजें (बच्चें की बोतल, मोजे, खिलौने, स्कार्फ और माँ के लिए सेनेटरी नैपकिन) प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया।



**पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

## महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र विद्यालय पुनः उद्घाटन समारोह

**महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र** द्वारा मारवाड़ी स्कूल, पीजी रोड, सिकंदराबाद की पूरी पेंटिंग और नवीनीकरण का काम किया। 23 अप्रैल को रु.61,000 के सेवा बजट के साथ किए गए इस प्रोजेक्ट में पूरे परिसर की सफाई, कक्षाओं और बाहरी हिस्सों की पेंटिंग, समग्र स्कूल के माहौल का उत्थान शामिल हैं। केंद्र द्वारा आधिकारिक तौर पर मारवाड़ी स्कूल को गोद ले लिया हैं, जिससे निरंतर उन्नयन और दीर्घकालिक समर्थन सुनिश्चित होगा। विद्यालय के पुनः उद्घाटन समारोह में जोन चेयरमैन वीर विनय जांगडा, उड़ान केंद्र चेयरपर्सन वीरा संजू गिरिया, सचिव वीरा आरती चोरड़िया, सिकंदराबाद केंद्र सचिव वीर प्रीतम जैन के मार्गदर्शन और उपस्थिति ने इस पहल की सफलता में बहुत बड़ा योगदान दिया। साथ ही छात्रों की सीखने की यात्रा का समर्थन करने के लिए शैक्षणिक आपूर्ति वितरित की गई।



**विद्यालय पुनः उद्घाटन समारोह**

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में



## संस्था के 50 वर्षों की सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य से स्वर्ण जयंती सेवा रथ यात्रा



## महावीर इंटरनेशनल बालोतरा की बैठक संपन्न, गोल्डन जुबली समारोह में भागीदारी का आह्वान



## पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी : शर्मा

जासं, गुरुग्राम: सामाजिक संगठन महावीर इंटरनेशनल ने मंगलवार को राजीव नगर इलाके में कपड़ों की थैलियां वितरित कर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मुकेश शर्मा ने न केवल थैलियों का वितरण किया, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक की नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। जिन कार्यों से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, उन पर ध्यान देना होगा। प्लास्टिक के प्रयोग से छुटकारा पाना होगा। कपड़ों की थैलियां सबसे बेहतर विकल्प हैं। इस विकल्प का लोग इस्तेमाल करें।

कपड़े का थैला वितरित करते विधायक मुकेश शर्मा • सौ. आयोजक

महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष उद्योगपति हितेश जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार सालगिया, महामंत्री संदीप जैन एवं जीतो गुरुग्राम के महामंत्री संजय जैन ने कहा कि संस्था की ओर से कपड़े की थैली मेरी सहेली नामक अभियान शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। वितरण के दौरान थैलियों की खासियत व पालीथिन के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है।



## तंडियारपेट में लगाए शिविर में 38 लोगों की बीपी व शुगर जांच

चेन्नई @ पत्रिका. महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा रविवार को तंडियारपेट स्थित तेरापंथी भवन में लगाए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 38 लोगों की बीपी एवं शुगर जांच की गई। इसके अलावा अग्रवाल आई अस्पताल के चिकित्सकों ने 42 लोगों की नेत्र जांच की जिनमें से 6 जनों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी निःशुल्क सर्जरी करवाई जाएगी एवं 21 जनों को चश्मे बनाकर दिए जाएंगे। शिविर में तेजमल संचेती, माणकचंद रांका, शांतिलाल देसरला, प्रज्ञा मांडोत, भावेश डूंगरवाल, मोहनलाल बाफिया आदि ने सेवा दी।



## नवजात शिशु के लिए वितरण किए पचास बेबी किट

छोटीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)। शहर की महावीर इंटरनेशनल शाखा द्वारा शनिवार को स्थानीय जयचंद मोहिल सामुदायिक चिकित्सालय में वात्सल्य योजना के तहत पचास बेबी किट वितरण किए गए। महावीर इंटरनेशनल के सचिव लोकेश जायसवाल ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल के विशेष अभियान वात्सल्य योजना के तहत नवजात को संक्रमण से बचाव के लिए पचास बेबी किट वितरण किए गए। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय गर्ग, डॉ संजय गुप्ता, डॉ.सत्यनारायण पाटीदार, डॉ कुलदीप व कल्पना नकवाल, मीना के साथ महावीर इंटरनेशनल के जॉन डायरेक्टर कांतिलाल टक, अध्यक्ष कैलाश गिरी गोस्वामी, सचिव लोकेश जायसवाल कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन, जसवंत कासमा, श्यामगिरि गोस्वामी, अरविंद नाहर मौजूद रहे।



## अपनी शादी की वर्षगांठ पर डाकघर में लगाए परिंडे



## एमआई ने सेनेटरी नैपकिन किए वितरित



## अपनी शादी की वर्षगांठ पर डाकघर में लगाए परिंडे



## 19 बेटियों को सिलाई मशीनें दी

बांसवाड़ा| महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र की ओर से मोहन कॉलोनी स्थित स्व. चिमनलाल मालोत सभागार में सिलाई मशीन वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम में संत रामप्रकाश महाराज ने बेटियों को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया। बाल महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप रोकड़िया ने इसे सराहनीय पहल बताया। माही वीरा केंद्र की अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि 111 बेटियों को सिलाई प्रशिक्षण दिया। जिनमें से 19 जरूरतमंद बेटियों को निशुल्क सिलाई मशीनें भेंट की गईं। मुख्य अतिथि अनुराग सिंघवी और डॉ. महावीर जैन थे। कार्यक्रम में दीपिका बुनकर, रूपली बुझ और अन्य महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं।



## महावीर इंटरनेशनल पारसोली केन्द्र ने चिकित्सालय में वितरण किए बेबी किट

न्यूज़सर्विस/नवज्योति, बेगूं

महावीर इंटरनेशनल संस्था के 50 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष एवं वात्सल्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पारसोली में नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाव के लिए बेबी किट वितरण किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल केन्द्र पारसोली द्वारा 50 बेबी किट वितरण किए गए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष गौतम कुमार पीतलिया, सचिव राजेंद्र कोठारी, प्रवक्ता राकेश कुमार पीतलिया, राजेश्वर शर्मा, भंवर लाल नागौरी, हंसराज पीतलिया, विपुल पीतलिया आदि उपस्थित रहे।



## महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**